50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 8.5 °c | अधिकतम 24.7 °c

**आज की अमृतवाणी**

सलाह देने वाले तो हजारों मिल जाते हैं, लेकिन साथ देने वाला हजारों में एक मिलता है..!

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 94127-10840, 9368549219 | संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:59, सूर्यास्त : 5:20 | वर्ष : 50/ अंक : 334 | सोमवार, 05 दिसम्बर 2022 | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी, सम्वत् 2079 | मूल्य 3 रु. | पृष्ठ-4

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

सपा का भाजपा में विलय करें तो अखिलेश यादव को केंद्रीय मंत्री बनाने पर भाजपा विचार करेगी : गिरीश चन्द्र यादव



अगर विचार पीएम बनाने का हो तो कुछ बात बने......

# चुनाव में धन और शराब बांटने वाले मदन भैय्या के छह समर्थक गिरफ्तार

- मतदान से एक रात पहले खतौली पुलिस की बड़ी कारवाही, 51 हजार की नकदी बरामद
- मतदाताओं को लुभाने के लिए बांटी जा रही शराब वितरण की रिकॉर्डिंग का मोबाइल भी मिला
- कैश वितरण का रजिस्टर भी किया जब्त, लाखों का हिसाब होने का अनुमान
- रजिस्टर में चुनाव मैनेजमेंट को पत्रकारों को दी धनराशि का भी किया गया उल्लेख
- एसएसपी विनीत जायसवाल बोले, चुनाव प्रेक्षक को भेजी जाएगी पूरी रिपोर्ट

**मुजफ्फरनगर, 4 दिसंबर (बु.)।** खतौली उपचुनाव में मतदान से एक दिन पहले धन और शराब के बल पर मतदाताओं को प्रभावित करने के बड़े खेल का पर्दाफाश हुआ है। खतौली पुलिस ने बाहरी जनपदों के ऐसे छह लोगों को पकड़ा है। इनके पास से 51 हजार रुपये की नकदी के अलावा एक मोबाइल भी मिला है। मोबाइल में शराब वितरण के लिए ऑनलाइन बांटी गई धनराशि की रिकॉर्डिंग भी मिली है, एक रजिस्टर भी मिलने की खबर है, जिसमें चुनाव मैनेजमेंट के हिसाब से बांटी गई रकम का हिसाब-किताब दर्ज है। इसमें लोकल नेताओं के नाम कुछ पत्रकारों के नाम का उल्लेख है। पकड़े गए लोग रालोद-सपा उम्मीदवार मदन भैय्या के समर्थक बताए गए हैं।

खतौली विधानसभा में भाजपा और रालोद-सपा गठबंधन के आमने-सामने की टक्कर के बीच रविवार को चुनाव में धन, बल और शराब के खेल का भंडाफोड़ हुआ है। इस खेल में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की तरफ से मीडिया को जारी प्रेस नोट में बताया गया है कि खतौली के प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार के नेतृत्व में विधानसभा





उपचुनाव को सकुशल और निर्भीक सम्पन्न कराने के लिए गश्त पर थी। उसी दौरान मुखबिर की सूचना मिली कि दयालपुरम में वृद्धा आश्रम के पास दो लोग प्रलोभन देकर अपने प्रत्याशी के पक्ष में वोट डलवाने के लिये पैसा बांट रहे हैं। मौके पर पकड़कर तलाशी ली गई, तो उनके पास से 51,000 रुपए और एक रजिस्टर मिला, जिसमें पैसो का हिसाब किताब लिखा हुआ है। पकड़े गए कर्मवीर सिंह और सुखवीर सिंह निवासी ग्राम मिलक लच्छी, थाना बिसरख, जनपद गौतमबुद्धनगर को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ धारा 171 एच और 188 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। दूसरी कारवाही में दीपचन्द मण्डी से चार लोगों को पकड़ा गया है। उन पर अपने प्रत्याशी के पक्ष में वोट डलवाने के लिये शराब बांटने का आरोप है। इनके पास से एक मोबाइल बरामद हुआ है, जिसमें शराब वितरण करने की रिकोर्डिंग होने का दावा किया गया है। इस मामले में अमित कुमार निवासी दीपचन्द्र मण्डी, पुनित कसाना निवासी ग्राम महमूदपुर थाना टीला मोड जनपद गाजियाबाद, अरुण निवासी इलाईचीपुर थाना टोनिका सिटी जनपद गाजियाबाद और गौतम निवासी जावली थाना टीला मोड जनपद गाजियाबाद के खिलाफ धारा 171 और 188 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। इन सभी छह आरोपियों को चालान कर सम्बंधित कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस की इस कार्यवाही से दिन भर राजनेतिक गलियारों में हड़कंप मचा रहा। रजिस्टर में कई गांवों के प्रतिनिधियों के साथ कुछ पत्रकारों के नाम भी दर्ज हैं, जिन्हें चुनावी मैनजमेंट के हिसाब से धन आवंटित किया गया है। इन नामों को लेकर दिनभर चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। चर्चा यही है कि पकड़े गए लोग रालोद उम्मीदवार मदन भैय्या के समर्थक है, जो अपने उम्मीदवार के समर्थन में मतदाताओं को प्रभावित करने का प्रयास कर रहे थे।

## चुनाव प्रेक्षक को भेजी जा रही है पूरी रिपोर्ट

**मुजफ्फरनगर।** उप चुनाव में धन और शराब बांटने के मामले में किसी अधिकारी ने अधिकृत रूप से कोई बयान नहीं दिया गया, लेकिन अनोपचारिक बातचीत में एसएसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि सीओ खतौली पूरे मामले की छानबीन कर रही है। तथ्यों के आधार पर पूरे मामले की रिपोर्ट चुनाव प्रेक्षक को भेजी जा रही है।

## सत्ता और विपक्ष ने साधी चुप्पी

**मुजफ्फरनगर।** खतौली उपचुनाव में शराब और धन-बल का खुलासा होने के बाद सत्ता और विपक्ष चुप्पी साधे हुए है। समर्थकों का नाम आने के बाद भी पार्टी स्तर से किसी भी नेता ने सफाई देना मुनासिब नहीं समझा है। इसी तरह सत्ताधारी भाजपा ने भी पुलिस की इस कार्यवाही को लेकर अभी तक मुंह नहीं खोला है। जाहिर है कि यह खुलासा नया नहीं है। हर चुनाव में उम्मीदवार और उसके समर्थक इस तरह का हथकंडा अपनाते रहे हैं।

## खतौली उपचुनाव-घटेगा या टूटेगा सर्वाधिक मतदान का रिकार्ड

- मतदाताओं का जोश तय करेगा उपचुनाव का मतदान प्रतिशत
- पिछले चार चुनावों में खतौली विधानसभा के मतदाताओं ने किया है सर्वाधिक मतदान

**-राकेश शर्मा-**

**मुजफ्फरनगर, 4 दिसंबर (बु.)।** मुजफ्फरनगर दंगे के बाद हुए पिछले चार चुनावों में सर्वाधिक मतदान का रिकार्ड बनाने वाली खतौली विधानसभा के उपचुनाव में मतदाताओं का जोश क्या कोई नई पटकथा लिखेगा या फिर मतदाताओं का कम रु-ाान मतदान प्रतिशत को नीचे लायेगा। इस पर हर किसी की निगाह टिकी हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी अपने अनुभव के हिसाब से उपचुनाव में कम रू-ाान के संकेत देकर गए हैं। वैसे भाजपा और रालोद की रैलियों में तो जरूर मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, लेकिन मतदान को लेकर उनका उत्साह बूथों पर दिख पायेगा।




भाजपा के समीकरणों के हिसाब से बेहद सुरक्षित माने जाने वाली खतौली विधानसभा सर्वाधिक मतदान को लेकर बीते कई चुनाव से नम्बर वन पर रही है। 2013 में हुए दंगों के बाद जितने भी चुनाव हुए उनमें खतौली विधानसभा सर्वाधिक मतदान में अग्रणी रही है। 2014 के लोकसभा चुनाव में मुजफ्फरनगर लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा रहने वाली खतौली विधानसभा सीट पर 71.98 प्रतिशत मतदान हुआ था। इसके बाद 2017 में हुए विधानसभा चुनाव में यह प्रतिशत 71.34 रहा। 2019 के लोकसभा चुनाव में उछलकर 72.16 प्रतिशत तक पहुंच गया था। इसके बाद 2022 के विधानसभा चुनाव की बात करें तो इस बार तमाम गरमा-गरमी के बावजूद मतदान प्रतिशत नीचे आ गया। इस बार 69.65 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने वोट का इस्तेमाल किया। यह मतदान प्रतिशत गिरने के बावजूद भी खतौली विधानसभा के मतदाता जिले में सर्वाधिक मतदान करने में नम्बर वन पर ही रहे। इसी मतदान प्रतिशत के बल पर भाजपा यहां अपनी जीत लगातार दर्ज कराती रही है। 2014 के लोकसभा चुनाव में डॉ. संजीव बालियान यहां से जीतकर आये थे। 2017 में विधायक विक्रम सैनी को एक लाख से कम वोट मिले थे, जबकि 2022 में उन्हें एक लाख से ज्यादा मत प्राप्त हुए थे। खतौली विधानसभा में विधायक विक्रम सिंह सैनी की सदस्यता जाने के बाद दुर्भाग्य से उपचुनाव हो रहा है। इसके लिए कल (आज) मतदान होना है। विधानसभा के मतदाताओं के लिए किसी परीक्षा से कम नहीं है। उनका जोश तय करेगा कि सर्वाधिक मतदान का रिकार्ड बनाने वाली विधानसभा में मतदान प्रतिशत कहां तक पहुंचेगा। कहा जाता है कि उपचुनाव में मतदाता ज्यादा उत्साहित नहीं रहता है। भाजपा उम्मीदवार राजकुमारी सैनी के समर्थन में जनसभा में आये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी यही संकेत दिये। उन्होंने मतदाताओं से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील करते हुए यह आशंका भी जताई कि उपचुनाव में मतदाताओं का रू-ाान कम ही देखने को मिलता है। सोमवार को मतदाताओं का जोश तय करेगा कि मतदान प्रतिशत ऊपर जायेगा या फिर नीचे रहेगा। राजनीतिक विश्लेषकों के साथ सियासत में रूचि रखने वालों की निगाह इसी बात पर टिकी है। हालांकि प्रशासन और राजनीतिक दलों ने मतदान प्रतिशत कम न होने के लिए अपने अपने स्तर से तमाम कवायद की हैं। अब देखना है कि खतौली विधानसभा के मतदाता अधिक मतदान की इस कवायद को कितनी तरजीह देते हैं।

# धमकी से तंग सर्राफ ने जहर खाकर दी जान

- पत्नी ने दुखी मन से कहा, कई लोगों ने मिलकर बना रखा था मानसिक दबाव

**मुजफ्फरनगर, 4 दिसंबर (बु.)।** कटेहरा मोचीयान में व्यापार करने वाला अर्जुन सिंह निवासी सिविल लाइन का रहने वाला था। रविवार की शाम सूचना मिली कि अर्जुन ने कुछ विषैले पदार्थ का सेवन कर अपनी जान गंवा दी। व्यापारी की मौत से आसपास के व्यापारियों में हड़कम्प मच गया। व्यापारी की मौत की सूचना के बाद मीडिया जगत के लोग व्यापारी के घर पहुंचे तो व्यापारी की पत्नी ने सनसनीखेज जानकारी दी। उसने बताया कि राजा वर्मा, पवन वर्मा, विशाल वर्मा, रीजू जैन, भोलाशंकर वर्मा आदि लोगों द्वारा लगातार उसके पति अर्जुन का मानसिक उत्पीड़न तो किया ही जा रहा था, इसी के साथ-साथ कल शाम उक्त सभी लोग एक दर्जन से अधिक व्यापारियों को लेकर मृतक अर्जुन की दुकान पर पहुंचे और उसके पति से हाथापाई करते हुए साढ़े पांच सौ ग्राम सोना लेने का इल्जाम लगाया और यही इल्जाम वह कई दिनों से लगाकर उसके पति पर मानसिक दबाव बना रहे थे और पुलिस को एक -ाूठी तहरीर देकर चार घंटे तक उसके पति को थाने में बैठाया भी गया। अर्जुन की पत्नी ने अन्य कई इल्जाम लगाते हुए यहा तक कहा कि मानसिक दबाव देने वाले इन लोगों ने उसके पति को धमकाते हुए यह भी बताया कि तू किसी भी मंत्री के पास चला जा, साढ़े पांच सौ ग्राम सोना व चांदी हम तु-ासे ही वसूलेंगे। पत्नी मंजू का बताना है कि जहरीले पदार्थ के सेवन के बाद एक निजी चिकित्सालय में उसके पति को ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गयी। अब देखना यह होगा कि पीड़ित महिला को शासन-प्रशासन किस तरह से न्याय दिलाता है।



मृतक सर्राफ का फाइल फोटो



जानकारी देती मृतक की पत्नी

# राह चलती गलियों में चिकन सैन्टर खोलकर बैठे दुकानदार के यहां बड़ा हादसा, तीन झुलसे

**मुजफ्फरनगर, 4 दिसंबर (बु.)।** मीनाक्षी चौक के निकट राह चलती गलियों में सड़कों के बीच सिलेंडर रखकर बैठे एक चिकन सैन्टर पर बड़ा हादसा होते-होते बच गया। हालांकि गैस लीक के बाद उठी आग ने तीन लोगों को गंभीर रूप से -ाुलसा दिया, जब तस्वीरे सामने आयी तो युवकों के चेहरे -ाुलसे हुए थे। स्थानीय लोगों का बताना है कि उक्त गली आम लोगों के लिए छोड़ी गयी गली है, जिसे वर्षों से चिकन सैन्टर वालों ने मिलकर घेर रखा है। राहगीर कुछ बोलते हैं तो उनकी जुबान बंद कर दी जाती है। हैरानी की बात यह है कि प्रशासन के भी किसी पुलिसकर्मी को उक्त नाजायाज अतिक्रमण दिखाई नहीं देता और उससे भी अधिक हैरत की बात यह है कि रविवार की शाम यह हादसा होने के बाद भी पुलिस ने यह कहकर इंकार कर दिया कि इस तरह का कोई मामला उनके सामने नहीं आया और यदि कोई हादसा हुआ ही नहीं तो फिर यह तस्वीरे बनावटी हैं अथवा -ाूठी। समाचार पत्र के हिसाब से तो यह एक पुख्ता खबर है और पुलिस व प्रशासन कैसे इस पर अंजान बना हुआ है, इसकी जानकारी किसी को भी नहीं है। बताया जाता है कि शायद मामले को लेन-देन कर दबा दिया गया है। -ाुलसे हुए लोगों को कुछ सहायता करने के बाद उन्हें भी







सम्भवतः चुप कराने की कोशिश की जा रही है, मगर यह तस्वीरे इस हादसे की सारी कहानी बयां कर रही है। अब देखना होगा कि पुलिस प्रशासन अब भी इस घटना को नजरअंदाज करता है और ऐसे अतिक्रमण को यूं ही बढ़ावा देता है अथवा इस गली को खाली कराता है।

## पाक हैकर्स ने की भाजपा नेता की फेसबुक हैक

**मेरठ, 04 दिसम्बर (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश श्रम कल्याण परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष पंडित सुनील भराला के फेसबुक अकाउंट को शनिवार को पाकिस्तानी हैकर्स ने हैक कर लिया। वहीं पता लगने पर समर्थकों में हड़कंप मच गया और उन्होंने सुनील भराला को जानकारी दी। मंत्री के सहयोगी पंडित शिवकुमार शर्मा ने हैकर्स के खिलाफ शिकायत की है। पुलिस के मुताबिक, श्रम कल्याण परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष पंडित सुनील भराला ने बताया कि शनिवार को उनके फेसबुक अकाउंट को आसामाजिक तत्वों ने हैक कर लिया। आईडी हैक करने वाले पाकिस्तानी बताए जा रहे हैं। बताया गया कि सुनील भराला पार्टी के निर्देश पर गुजरात राज्य में चुनाव प्रचार करने गए हैं। वहीं समर्थकों ने फोन कर फेसबुक आईडी हैक होने की जानकारी दी। मंत्री का कहना है कि उनके पेज से लाखों समर्थक जुड़े हुए हैं। पेज पर भारतीय जनता पार्टी और सामाजिक कार्यों की गतिविधियों को चलाया जाता है। जानकारी मिलने के बाद सुनील भराला ने एसएसपी रोहित सिंह सजवाण को फोन कर घटना की जानाकरी दी। साइबर टीम को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। मंत्री के सहयोगी ने दौराला थाने पहुंचकर शिकायत की है। सीओ दौराला का कहना है कि केस दर्ज कर लिया गया है।

## दिल्ली में एमसीडी के चुनाव शांति से संपन्न

**नई दिल्ली, 4 दिसम्बर (वार्ता)।** दिल्ली नगर निगम चुनाव के लिए रविवार शाम को मतदान संपन्न हो गया। सुबह 8 बजे से मतदान शुरू हुआ था, जो शाम तक चला था। 1349 प्रत्याशियों की किस्मत पर ईवीएम में बंद हो गई है। अब वोटों की गिनती सात दिसंबर को होगी। उस दिन उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला होगा। 2 दिसंबर को चुनाव प्रचार थम गया था। उससे पहले कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और भाजपा के प्रत्याशियों ने जमकर प्रचार किया था। साढ़े पांच बजे तक दिल्ली के सभी 250 वार्डों 50 प्रतिशत मतदान हुआ। कई मतदान केंद्रों पर 5:30 बजे से पहले रिपोर्ट करने वाले मतदाताओं का मतदान देर तक चला। सभी वार्डों का मतदान का आंकड़ा देर शाम तक आ जाएगा। पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच रविवार को दिल्ली में नगर निगम चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। पूरी दिल्ली में कहीं से भी कोई गड़बड़ी व मारपीट व हिंसा की शिकायतें नहीं मिली। महरौली में एक बूथ पर ईवीएम में खराबी की शिकायत मिली, जिसे जल्द ही ठीक कर लिया गया। द्वारका में एक मतदान केंद्र पर एक पार्टी कार्यकताओं द्वारा मतदाता पर्ची के साथ प्रत्याशी के नाम व चुनाव चिह्न देने की शिकायत मिली। इस संबंध में दिल्ली पुलिस ने निर्वाचन अधिकारी को रिपोर्ट सौंप दी है। जांच के बाद कार्रवाई की जा सकती है।

**दिल्ली के वरिष्ठ न्यूरो सर्जरी विशेषज्ञ**

अब आपके शहर मुजफ्फरनगर में

**बुधवार, 7 दिसम्बर व 21 दिसम्बर 2022 को**

*(ओपीडी - प्रत्येक महीने का पहला व तीसरा बुधवार)*

*इन रोगों के लिए सुविधा उपलब्ध है :-*

| | |
|---|---|
| Headache | सिरदर्द, माइग्रेन |
| Head Trauma | सिर की चोट |
| Brain Tumour | दिमाग का कैंसर |
| Brain Stroke (Paralysis) | लकवा |
| Low Back Pain | कमर दर्द |
| Epilepsy | मिर्गी के दौरे |
| Memory Loss | याददाश्त की कमी |
| Dizziness | चक्कर आना |



*ओपीडी समय 10 से 2 बजे तक*



डॉ. विशाल जैन
MBBS, MS, MCh
Senior Neurosurgeon
9717399987
Primus Hospital
New Delhi

*हाथ-पैरों में नसों की समस्या एवं दिमाग व रीढ़ की हड्डी के समस्त रोगों के लिए सम्पर्क करें।*

*अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें :-* 9310774376, 8010021072

बच्चों में मानसिक सामान्य विकास में कमी, सीखने की क्षमता
CEREBRAL PALSY, AUTISM, ADHD आदि समस्याओं का इलाज।

पता :-

**बंसल नर्सिंग होम**

37/3, सिविल लाइन, महावीर चौक, मुजफ्फरनगर

# जातीय वोटों का गणित तय करेगा नल और कमल, कौन होगा सफल

- जनपद के साथ पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आगे की राजनीति होगी तय
- राष्ट्रीय लोकदल के तिगड्डे गठबंधन का भी होगा एसिड टेस्ट

**ऋषिराज राही**

मुजफ्फरनगर, 4 दिसंबर (बु.)। खतौली के रण में कौन जीतेगा और कौन हारेगा, इसका फैसला तो इस क्षेत्र के वोटर को आज करना है, लेकिन इतना जरूर है कि इस चुनाव के नतीजे चाहे जो भी रहें, ये जिले और वेस्ट यूपी में भविष्य की राजनीति की दिशा तय करेंगे। कहने को इस चुनाव में 14 प्रत्याशी हैं, लेकिन मुख्य मुकाबला हाल के विधायक रहे विक्रम सैनी की पत्नी राजकुमारी सैनी और रालोद के गठबंधन से मैदान में आए मदन भैया खेकड़ा वाले के बीच है। जिस तरह से प्रचार के दौरान दोनों खेमों के नेताओं ने पसीना बहाया है, उससे लग रहा है कि कल मतदाता के रुझान को भांपना भी पसीने छुड़ाने वाला रहेगा।

खतौली में वैसे तो उपचुनाव है, लेकिन इस चुनाव को लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल माना जा रहा है। चुनाव प्रचार के दौरान जिस तरह से दोनों मुख्य दलों के उम्मीदवारों और उनकी पार्टियों ने ताकत झोंकी उससे साफ है कि उन्होंने इसी नजरिए से इस चुनाव को देखा है और इसी तरीके से तैयारी की है। भाजपा की ओर से मुख्यमंत्री और दोनों उप मुख्यमंत्रियों के साथ मंत्रियों, सांसदों और विधायकों के अलावा पदाधिकारियों की पूरी फौज को चुनाव प्रचार में झोंका गया। दूसरी ओर रालोद की ओर से पहली बार ऐसा हुआ कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी को खुद गांव-गांव और घर-घर जाकर जनसंपर्क कर वोटर पर्ची बांटने का काम करना पड़ा। रालोद के लिए यह चुनाव इस मामले में भी परीक्षा की घड़ी है, जिसमें सपा के साथ उसके पुराने गठबंधन में आजाद समाज पार्टी के जुड़ने के बाद यह गठबंधन दलित मतदाता के समर्थन पर बड़ा दावा कर रहा है। जातीय मतों को साधने के लिए इस गठबंधन ने जहां गूर्जर प्रत्याशी उतारा, जाटों में जयंत का जादू चलाने की कोशिश की और दलितों में आसपा नेता चंद्रशेखर का जमकर इस्तेमाल किया, वहीं मुस्लिम वोटर को सपा के गठबंधन और भाजपा का भय दिखाकर अपने साथ बांधे रखने के भरपूर जतन किए। दूसरी ओर भाजपा की ओर से भी जातीय वोटर को साधने के लिए तमाम बड़े जातीय दिग्गजों की फौज उतारी गई। इसमें गूर्जर क्षत्रपों की फौज के अलावा दलित सम्मेलन भी किए। जाट वोटरों के लिए खुद केंद्रीय मंत्री डॉ.संजीव बालियान लगे तो अन्य जातियों में भी अपने सूरमा जमकर उतारे। भाजपा ने रालोद प्रत्याशी की छवि को भी प्रचार में बड़ा मुद्दा बनाया। इसके चलते इस बात को लेकर ही अनुमान लगाया जा रहा है कि इस पूरी कवायद में कौन कितने वोटों को अपने हक में खींच पाएगा। पिछली बार सोलह हजार वोटों से विजयी रहे भाजपा के विक्रम सैनी के हटने के बाद उनकी पत्नी क्या उनका इतिहास दोहरा पाएंगी, इस पर सबकी नजर है। राजनीतिक समीकरणों की बात करें तो यह हमेशा एक से नहीं रहते। पिछले चुनाव में विक्रम सैनी 100651, राजपाल सैनी 84306 और करतार भड़ाना 31412 वोट पर रहे थे। इससे पूर्व 2017 के चुनाव में भाजपा के विक्रम सैनी 94771, सपा के चंदन सिंह चौहान को 63397, बसपा के शिवान सैनी को 37380 और रालोद के शाहनवाज राना को 12846 वोट मिलने के बाद विक्रम सैनी को बड़ी जीत मिली थी। इस बार मुकाबला सीधा है। ऐसे में बसपा की गैर मौजूदगी में बसपा के भडाना को पिछली बार मिला वोट किधर जाएगा, यह देखना है। यह भी तय है कि भड़ाना को मिले वोटों में खासी तादाद गूर्जर वोटों की भी थी, लेकिन इलाके के करीब पचास हजार दलित वोटों का बड़ा खेमा चुनाव की दिशा को तय करेगा। ऐसे में जातीय वोटों का संतुलन किस तरह से किस प्रत्याशी के पक्ष में जाएगा और मुस्लिम समेत तमाम जातीय वोटर कितने उत्साह से मतदान करेगा, इससे चुनावी नतीजे तय होंगे। यह भी इस मतदान से तय होगा कि योगी के जादू ने कितना असर किया और जयंत का कितना असर रहा। खासतौर से क्षेत्रीय सांसद डॉ.संजीव बालियान का राजनीतिक भविष्य भी चुनाव के साथ जुड़ा है, क्यों कि उनके लोकसभा क्षेत्र की चार सीटें भाजपा विधानसभा चुनाव में खो चुकी है। उसके पास केवल मुजफ्फरनगर है और खतौली दांव पर है।

## इस सप्ताह का राशिफल

**05 दिसम्बर से 11 दिसम्बर 2022**

हस्तरेखा-अंक ज्योतिष विशेषज्ञ, वास्तुशास्त्र व रत्न परामर्शदाता

**विमल जैन**

एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन (आकांक्षा हास्पिटल के निकट), भोजूबीर, वाराणसी-221002 (उ0 प्र0)

मो0 नं0 : 09335414722



विमल जैन



चू, चे, चो, ला ली, लू, ले, लो, आ | नक्षत्र अश्वनी भरणी कृतिका | चरण 1234 1234 1

**मेष**– सप्ताह में 5 से 11 दिसम्बर के दिन 1/52 बजे तक आशाएँ फलीभूत होगी। कुछेक कार्य बनने को होंगे। अधूरी योजना साकार होगी। अधीनस्थ सहयोगियों के माध्यम से पुराने विवाद का समापन होगा। व्यावसायिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा। मनोबल में वृद्धि होगा। विशिष्टह्जनों से सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त होगा। पत्नी के स्वास्थ्य की चिंता कुछ कम होगी। नवीन कार्य की रूपरेखा तैयार होगी। कर्जदारों की अदायगी समय पर हो जायेगी। जिम्मेदारियों की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील रहेंगे। परिवार में आपसी सदद्भाव रहेगा। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। यात्रा संतोषजनक रहेगा। शेष समय व्यवधानकारक रहेगा। कार्यों में बाधा उत्पन्न होगी। आर्थिक कठिनाइयाँ यथावत रहेगी।



ई, उ, ए ओ, वा, वी वू, वे, वो | नक्षत्र कृतिका रोहणी मृगशिरा | चरण 234 1234 122

**वृषभ**- सप्ताह में 5 से 6 दिसम्बर के दिन 3/03 बजे तक योजना अधूरी रहेगी। व्यावसायिक क्षेत्र में नुकसान होगा। पारिवारिक मतभेद उजागर होंगे। दाम्पत्य जीवन में कटुता रहेगी। शेष 11 दिसम्बर तक समय सफलताजनक रहेगा। बहुप्रतीक्षित कार्यों के बनने से प्रसन्नता होगी। व्यक्तिगत समस्याओं का संतोषजनक समाधान होगा। धन संचय की ओर प्रवृत्ति रहेगी। आपसी संबंधों में अत्यधिक मधुरता रहेगी। मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त होंगे। आपके हितैषी आपके समय पर साथ देंगे। मानसिक शांति की अनुभूति होगी। आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ हंगे। मनोरंजन की ओर रुझान रहेगा। सुसंदेश मिलने को होंगे। शिक्षा के क्षेत्र में नवीन उपलब्धि हासिल होगी। मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न होगा।



का, की, कू घ, ड, छ के, को, हा | नक्षत्र मृगशिरा आर्द्रा पुर्नवसु | चरण 34 1234 123

**मिथुन**- सप्ताह में 5 से 6 दिसम्बर के दिन 3/03 बजे तक समय कार्य उन्नति में सहायक रहेगा। स्वास्थ्य सुधार पर होगा। मौज-मस्ती के निमित्त व्यय होगा। मानसिक राहत मिलेगी। व्यक्तित्व का विकास होगा। वरिष्ठह्जनों की सलाह से कामयाबी मिलेगी। आमोद प्रमोद के साधन सुलभ होंगे। सदद्विचारों का उदय होगा। तदुपरान्त 8 तक समय असंतोषजनक रहेगा। संकल्प विकल्प की स्थिति रहेगी। सफलता में मतभेद रहेगा। निर्णय लेने में परेशानी होगी। आपसी संबंधों में तालमेल का अभाव रहेगा। एकाग्रता भंग होगी। 9 से 11 दिसम्बर तक समय बेहतर रहेगा। सामयिक सिद्धि हेतु प्रयत्दनशील रहेंगे। नवयोजना दृष्टिगत होगी। स्वविवेक से लिया गया निर्णय आपके पक्ष में रहेगा।



ही, हू, हे हो, डा, डी डू, डे, डो | नक्षत्र पुर्नवसु पुष्य आश्वलेषा | चरण 4 1234 1234

**कर्क**– सप्ताह में 5 से 8 दिसम्बर तक समय भाग्य के अनुरूप रहेगा। विविध पक्षों मे सफलता का सुअवसर मिलेगा। अधूरे कार्य पूर्णता की ओर होंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आरोग्य सुख में वृद्धि होगी। व्यापार में नवपरिवर्तन की दिशा में प्रयास सार्थक होगा। व्यक्तिगत परेशानी में कमी महसूस होगी। उच्चाधिकारियों से सम्पर्क होगा। नवसमाचार की प्राप्ति होगी। 9 से 11 के दिन 1/52 बजे तक निराशा की स्थिति बनी रहेगी। परिवार में अशांति का वातावरण रहेगा। जल्दबाजी में लिया गया निर्णय नुकसानदायक होगा। शत्रुता से कार्यों में व्यवधान की स्थिति रहेगी। उत्साह में कमी महसूस होगी। शेष समय संतोषजनक रहेगा। किसी के माध्यम से महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल होगी।



मा, मी, मू मे, मो, टा टी, टू,ट | नक्षत्र मघा पू.फा. उ.फा. | चरण 1234 1234 1

**सिंह**- सप्ताह में 5 से 11 दिसम्बर के दिन 1/52 बजे तक ग्रह स्थिति अनुकूल रहेगा। मनोभिलाषित योजनाएँ कार्यान्वित होगी। सुपरिचितों का सहयोग मिलेगा। विवादास्पद मसला सुलझने की ओर हगा। विशिष्टजनों से सम्पर्क का सुपरिणाम मिलेगा। राजकीय पक्ष से लाभान्वित होंगे। पारिवारिक सौहार्द रहेगा। आपसी संबंधों में मधुरता रहेगी। प्रतिकूल परिस्थितियों पर विजय प्राप्त कर सकेंगे। वैचारिक स्थिरता की स्थिति रहेगी। मनोरंजन की ओर रुझान रहेगा। राजनैतिक कृत्यों की ओर संलग्नता रहेगी। धनागमा का मार्ग प्रशस्त होगा। नवीन कार्य की रूपरेखा तैयार होगी। चित्त प्रफुल्लित रहेगा। शेष समय उन्नति में व्यवधान रहेगा। मनोभिलाषित योजनाएँ अधूरी रहेगी। विचारित कार्यों में विलम्ब होगा।



टो, पा, पी पू, प, ण ठ, पे, पो | नक्षत्र उ.फा. हस्त चित्रा | चरण 234 1234 12

**कन्या**- सप्ताह में 5 से 6 दिसम्बर के दिन 3/03 बजे तक दिनचर्या अव्यवस्थित रहेगी। कार्यों के प्रति उदासीनता रहेगी। शारीरिक-मानसिक कष्ट होगा। अर्थ पक्ष में निराशा रहेगा। शेष 11 दिसम्बर तक समय भाग्य के अनुकूल रहेगा। पराक्रम से व्यावसायिक क्षेत्र में अनुकूलता की स्थिति रहेगी। पुराने विवाद का समापन होगा। हर्षोल्ह्लास का वातावरण रहेगा। सामाजिक-राजनैतिक गतिविधियों में वृद्धि होगी। योजना साकार होने को होगी। बुद्धि चातुर्य से सिद्धि का प्रयास सार्थक होगा। व्यक्तित्व का विकास होगा। अध्यावसाय की ओर रुझान रहेगा। परिवार में शुभकृत्य सम्पादित होगा। उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा। जनसम्पर्क का सुअवसर प्राप्त होगा। उत्तरदायित्व का निर्वाह हो सकेगा।



रा, री, रू रे, रो, ता ती, तू, त | नक्षत्र चित्रा स्वाति विशाखा | चरण 34 1234 123

**तुला**- सप्ताह में 5 से 6 दिसम्बर के दिन 3/03 बजे तक सफलता का सुअवसर मिलेगा। मनोनुकूल कार्यों में प्रगति का मार्ग प्रशस्त होगा। जीवन साथी से सहयोग मिलेगा। धनागम होगा। समस्या का निकारण मित्रों के माध्यम से होगा। संतान पक्ष से उत्कर्ष रहेगा। जीवनसाथी से सामंजस्य रहेगा। दूसरों की सलाह मान्य साबित होगी। महत्वपूर्ण घटना घटित होगी। तत्पश्चात 8 तक परेशानी रहेगी। वांछित प्रगति हेतु किये जा रहे प्रयास असफल होंगे। मन अशांत रहेगा। पारिवारिक उलझनें रहेंगी। 9 से 11 दिसम्बर तक समय हितकर रहेगा। व्यापार में विस्तार की योजना फलीभूत होगी। उपहार या सम्मान का लाभ मिलेगा। मनोविनोद के अवसर प्राप्त होंगे। मित्रों एवं परिजनों से अपेक्षित सहयोग मिलेगा।



तो, ना, नी नू, ने, नो या, यी, यू | नक्षत्र विशाखा अनुराधा ज्येष्ठा | चरण 4 1234 1234

**वृश्चिक**– सप्ताह में 5 से 8 दिसम्बर तक समय अच्छा रहेगा। सदद्विचारों का उदय होगा। व्यावसायिक आर्थिक क्षेत्र में सफलता मिलेगी। परिवार में सुख शांति का वातावरण रहेगा। पुरुषार्थ के प्रति रुचि रहेगी। आत्मीयजनों का व्यवहार आशानुकूल रहेगा। व्यापार में धन निवेश होगा। धार्मिक कृत्यों की ओर रुचि रहेगी। आपसी संबंधों में प्रगाढ़ता आयेगी। दाम्पत्य जीवन मधुर रहेगा। आपसी सलाह से कामयाबी हासिल होगी। मान-सम्मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मनोरंजन के प्रति रुचि जागृत होगी। 9 से 11 के दिन 1/52 बजे तक व्यवसायिक प्रगति में व्यवधान की स्थिति बनी रहेगी। अर्थ पक्ष में निराशा हाथ लगेगी। क्रोध की अधिकता रहेगी। अकेलेपन की अनुभूति होगी।



ये, यो, भा भी, भू, धा फा, ढ़ा, ढे | नक्षत्र मूल पू.षा. उ.षा. | चरण 1234 1234 1

**धनु**- सप्ताह में 5 से 11 दिसम्बर के दिन 1/52 बजे तक दिनमान कार्य प्रगति में सहायक रहेगा। विनियोजित धन का प्रतिफल आशानुकूल प्राप्त होगा। बुद्धि का विकास होगा। विवादास्पद मसला पक्ष में सुलझेगा। शुभसमाचार की प्राप्ति होगी। धर्म-अध्यात्म के प्रति आस्था रहेगी। मंगल आयोजन संपादित होगा। वैवाहिक जीवन में उपस्थित व्यवधान समाप्त होने को होगा। पारस्परिक संबंधों में अत्यधिक प्रगाढ़ता रहेगी। गलतफहमियाँ दूर होने को होगी। स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम बनेगा। भौतिक सुख-सुविधा के साधन सुलभ होंगे। आपसी गलतफहमी दूर होगी। चित्त प्रफुल्लित रहेगा। शेष समय प्रतिकूल रहेगा। सुख-सुविधा का अभाव रहेगा। जल्द निर्णय अहितकर होगा।



भो, जा, जी खी, खू, खे खो, गा, गी | नक्षत्र उ.षा. श्रवण धनिष्ठा | चरण 234 1234 12

**मकर**- सप्ताह में 5 से 6 दिसम्बर के दिन 3/03 बजे तक असफलता की स्थिति रहेगी। मित्रों से मनमुटाव रहेगा। पठन-पाठन में अरुचि रहेगी। धन का अभाव अखरेगा। घरेलू सुख में दिक्कतें उपस्थित होंगी। जोखिम के कार्य से हानि की आशंका रहेगी। शेष 11 दिसम्बर तक अभीष्टद सिद्धि हेतु किये जा रहे प्रयास सार्थक होंगे। नवसम्पर्क से कुछेक मसले हल होंगे। परिवार में हर्षोल्ह्लास का वातावरण रहेगा। शिक्षा के क्षेत्र में नवीन उपलब्धि हासिल होगी। धन संचय में रुचि रहेगी। शारीरिक मानसिक कष्टद् में कमी महसूस होगी। नव उत्तरदायित्व का निर्वाह होगा। राजनैतिक लाभ लेने हेतु प्रयत्दनशील रहेंगे। दूसरों की सलाह से कामयाबी मिलेगी। किसी उत्सव का सुयोग बनेगा।



गू, गे, गो, सा, सी, सू से, सो, दा | नक्षत्र धनिष्ठा शतभिषा पू.भाद्रा | चरण 34 1234 123

**कुंभ**- सप्ताह में 5 से 6 दिसम्बर के दिन 3/03 बजे तक विविध पक्षों में सफलता मिलेगी। कार्य-व्यवसाय में प्रगति हेतु विचार-विमर्श होगा। रचनात्मक क्रियाकलापों में रुचि लेंगे। प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क होगा। सुपरिणाम मिलने को होंगे। मान-सम्मान में वृद्धि होगा। नव-संदेश की प्राप्ति से परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। तदनन्तर 8 तक पूँजी का प्रतिफल नहीं मिल पायेगा। इच्छित पद की प्राप्ति में व्यवधान रहेगा। विशेष प्रयास के बावजूद आंशिक सफलता ही मिल पायेगी। व्यर्थ भ्रमण से अपव्यय होगा। 9 से 11 दिसम्बर तक नवीन योजना को मूर्त रूप में परिणित कर सकेंगे। शुभ समाचार मिलने से खुशी होगी। भोग-विलासिता की ओर रुझान रहेगा।



दी, दू, थ, -ा, भ, दे, दो, चा, ची | नक्षत्र पू.भा. उ.भा. रेवती | चरण 4 1234 1234

**मीन**- सप्ताह में 5 से 8 दिसम्बर तक ग्रहयोग बेहतर रहेगा। कठिनाइयों के निराकरण का मार्ग प्रशस्त होगा। व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल रहेगा. किसी के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति होगी। ज्ञान-विज्ञान की ओर रुचि रहेगी। मित्रों-परिजनों से अपेक्षित सहयोग मिलेगा। कर्ज की निवृत्ति का प्रयास होगा। धर्म-अध्यात्म में आस्था बढ़ेगी। शान्ति की अनुभूति होंगी। दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग उपस्थित होगा। 9 से 11 के दिन 1/52 बजे तक अड़चनें प्रभावी रहेगी। इच्छित कार्य अधूरे रहेंगे। मनोबल में कमी का एहसास होगा। अशांति का वातावरण रहेगा। निष्प्रयोजन व्यय होगा। सुख-साधन का अभाव रहेगा। समय अनुकूल। बुद्धि-विवेक से संकल्प सिद्धि का प्रयास होगा। प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी।

**व्रत-त्यौहार, जयंती** :- सोमवार 5 दिसंबर-सोम प्रदोष व्रत, बुधवार, 7 दिसंबर-व्रतादि की पूर्णिमा, भगवान दत्तात्रेय जयन्ती, गुरुवार, 8 दिसंबर- स्नान-दानादि की अग्रहायणी पूर्णिमा, रविवार 11 दिसंबर-संकष्टी श्रीगणेश चतुर्थी व्रत।

# हादसे में बाइक सवार दो दोस्तों की मौत

## दर्दनाक हादसा... जनपद शामली के बनत बाईपास पर हुए हादसे में बागपत निवासी युवकों की मौत से कोहराम

### कार ने युवकों की बाइक में मारी बेहद जोरदार टक्कर

**शामली, 4 दिसंबर (वार्ता)।** जनपद शामली के बनत बाईपास पर शनिवार देर रात हुए हादसे में बागपत निवासी दो दोस्तों की मौत हो गई। हादसे में कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए।

उत्तर प्रदेश के शामली में आदर्श मंडी थानाक्षेत्र में सड़क हादसे में दो दोस्तों की मौत हो गई। यहां बनत बाईपास पर कार की टक्कर लगने से बाइक सवार दो दोस्त हादसे का शिकार हो गए। मरने वाले दोनों दोस्त जिला बागपत के अलग-अलग गांव के निवासी थे। आरोपी चालक कार को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस में कार चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जिला बागपत के थाना बड़ौत क्षेत्र के गांव लोयन मलकपुर निवासी प्रवीण (28) पुत्र ओमप्रकाश शनिवार देर शाम को बाइक से अपने दोस्त सोनू पुत्र पप्पू निवासी गांव असारा थाना रमाला के साथ अपनी ससुराल शामली क्षेत्र के गांव महरमपुर जा रहा था। जब वे दोनों आदर्श मंडी थानाक्षेत्र में बनत बाईपास पर जलालपुर मार्ग से करीब एक सौ मीटर पहले पहुंचे तो

### कार को छोड़कर फरार हुआ चालक, एफआईआर दर्ज

मुजफ्फरनगर की तरफ से आई कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार दोनों दोस्त उछलकर सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने दोनों दोस्तों को मृत घोषित कर दिया।

दुर्घटना के बाद चालक कार को मौके पर छोड़कर फरार हो गया, जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया। पुलिस की सूचना पर रात में परिजन मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम को भेज दिए। मृतक प्रवीण के छोटे भाई बंटी ने आदर्श मंडी थाने पर कार चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## बढ़ी ठंड तो बीमारियों की चपेट में आए बच्चे

**शामली, 4 दिसंबर (वार्ता)।** बढ़ती ठंड में अकसर यही होता है कभी जुकाम तो कभी निमोनिया ऐसे में हमें बच्चों का ध्यान रखना जरूरी है। जिससें बच्चे बिमार न पड़ जाए। लेकिन शामली के अस्पतालों में कुछ ज्यादा बुरा हाल है। ठंड बढ़ने के साथ ही बच्चे खांसी, जुकाम, निमोनिया, इंफेक्शन, उल्टी, दस्त व पेट दर्द आरि रोगों का शिकार हो रहे हैं। सरकारी व निजी अस्पताल में बीमार बच्चों की भीड़ लग रही है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शामली सहित जिला अस्पताल में बच्चे खांसी-जुकाम, निमोनिया, इंफेक्शन, उल्टी, दस्त, पेटदर्द आदि बीमारी के आ रहे है। सीएचसी के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. उपकार मलिक ने बताया कि ओपीडी में रोजाना 200 बच्चे आते हैं, जिनमें लगभग 150 बच्चे ठंड की वजह से बीमार होने वाले हैं। इनमें निमोनिया व कोल्ड डायरिया के भी मरीज आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिन बच्चों की हालत ज्यादा खराब होती है, उन्हें अस्पताल में भर्ती कर उपचार दिया जाता है। उनका कहना हे कि बढ़ती सर्दी में छह साल तक के बच्चों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। लापरवाही बच्चों की सेहत बिगाड़ सकती है। इसके लिए बच्चों को पर्याप्त गर्म कपड़े व उनके खान-पान पर ध्यान देना चाहिए। यदि बच्चे की रोग-प्रतिरोधक क्षमता ठीक होगी तो वह स्वस्थ रहेंगे और बीमारी भी पास नहीं आएगी। बच्चे का खान-पान ठीक न होने से रोग-प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है।

## जो राम को लाए हैं...भजन सुन हुआ हृदय परिवर्तन

**लुधियाना (पंजाब), 4 दिसंबर (वार्ता)।** इंसान का हृदय कभी परिवर्तित हो सकता है। ऐसा ही एक मामला पंजाब के लुधियाना में सामने आया है। यहां कांग्रेस की एक महिला पार्षद ने भजन सुनने के बाद इस्तीफा दे दिया। उनका यह इस्तीफा चर्चा में है। लुधियाना में शनिवार की रात एक धार्मिक समारोह का आयोजन किया गया था। इसमें भजन गायक कन्हैया मित्तल 'जो राम को लाए हैं... हम उनको लाएंगे' भजन गा रहे थे। इस भजन को सुनकर कार्यक्रम में आई कांग्रेस पार्षद राशि अग्रवाल अचानक मंच पर पहुंची और कार्यक्रम को रोक कांग्रेस को अलविदा कहने का एलान कर दिया।



उनके इस एलान से लुधियाना के लोग हैरान है क्योंकि आयोजन धार्मिक समारोह का था। मगर मंच से पार्षद ने कांग्रेस छोड़ने की घोषणा कर दी। राशि अग्रवाल ने कहा कि वे कन्हैया मित्तल के बारे में ज्यादा नहीं जानती हैं लेकिल उनका भजन 'जो राम को लाए है... हम उनको लाएंगे' से काफी प्रभावित हैं। राशि अग्रवाल ने भाजपा में जाने की स्पष्ट बात तो नहीं की मगर भजन सुनने के बाद पार्टी को बदलने का बातों ही बातों में इशारा जरूर किया है। कार्यक्रम में राशि अग्रवाल ने कहा कि वह पांच साल पहले राजनीति में आई थीं लेकिन राजनीति में आने से पहले उनकी सोच भाजपा की नीतियों से ही हमेशा प्रभावित थी लेकिन उनके ससुर हेमराज अग्रवाल कांग्रेसी हैं।

## मैनपुरी-17 हजार से अधिक जवान तैनात

**मैनपुरी, 4 दिसंबर (वार्ता)।** मैनपुरी लोकसभा सीट के उपचुनाव के लिए जिले को 28 जोन और 163 सेक्टर में बांटा गया है। मतदान संपन्न कराने के लिए सेक्टर में सेक्टर मजिस्ट्रेट और जोन में जोनल मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। ये मतदान के दिन लगातार सक्रिय रहकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। कहीं भी कोई कमी मिलने पर तत्काल सेक्टर मजिस्ट्रेट मतदेय स्थल पर पहुंचेंगे। वहीं शांतिपूर्वक मतदान कराने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इसके लिए करीब 17 हजार से अधिक पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात किए हैं।

मतदान के लिए विधानसभा क्षेत्र मैनपुरी को छह जोन और 40 सेक्टर में, विधानसभा क्षेत्र भोगांव को सात जोन और 39 सेक्टर में, विधानसभा किशनी क्षेत्र को छह जोन और 40 सेक्टर में और विधानसभा करहल क्षेत्र को नौ जोन और 44 सेक्टर में विभाजित किया गया है। इन सभी में सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट अपने-अपने मतदेय स्थलों पर मतदान संपन्न कराने की जिम्मेदारी निभाएंगे। सुबह छह बजे मॉकपोल से लेकर मतदान शुरू कराने की रिपोर्ट सेक्टर मजिस्ट्रेट ही उच्चाधिकारियों को देंगे। इसके अलावा प्रत्येक दो घंटे पर मतदान प्रतिशत से भी अवगत कराते रहेंगे। ईवीएम खराब या बंद होने की सूचना मिलती है तो निस्तारण सेक्टर मजिस्ट्रेट ही कराएंगे।

### सुरक्षा में तैनात रहेगी यह फोर्स....

मैनपुरी के एएसपी राजेश कुमार ने बताया कि सोमवार को लोकसभा उपचुनाव के मतदान को लेकर पांच अपर पुलिस अधीक्षक, 14 सीओ, 27 प्रभारी निरीक्षक, 693 उप-निरीक्षक, 7194 मुख्य आरक्षी/आरक्षी, आरक्षी महिला 300, 4084 होमगार्ड तैनात रहेंगे। इसके अलावा 12 कंपनी सीआईएसएफ, बीएसफ 10 कंपनी, एसएसबी 08 कंपनी, आईटीबीपी 05 कंपनी, सीआरपीएफ 02 कंपनी, पीएसी 18 कंपनी 02 प्लाटून उपचुनाव की सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालेंगे।

### चप्पे-चप्पे पर रहेगी पैरामिलिट्री

लोकसभा उपचुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना पुलिस प्रशासन के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। भाजपा और सपा के बीच इस मुकाबले के बीच एसपी कमलेश दीक्षित की ओर से चुनाव को लेकर मजबूत किलेबंदी की गई है। एएसपी राजेश कुमार के साथ रणनीति के तहत संवेदनशील पोलिंग बूथ पर सुरक्षा की जिम्मेदारी बीएसएफ और सीआईएसएफ के जवानों को सौंपी गई है। इसके अलावा पोलिंग बूथ के आसपास पुलिस, पीएसी, होमगार्ड तैनात रहेंगे।

**कड़ी सुरक्षा बंदोबस्त के बीच मैनपुरी जनपद में होने वाले लोकसभा उपचुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष संपन्न कराएंगे। जिले भर में सुरक्षा के दृष्टिगत करीब 17 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को लगाया गया है।**

**--राजेश कुमार, एएसपी**

## यूपी विधानसभा सत्र: अध्यक्ष ने सभी दलों से मांगा सहयोग, आज पेश होगा अनुपूरक बजट

**लखनऊ, 4 दिसंबर (वार्ता)।** सपा के मुख्य सचेतक मनोज पांडेय ने कहा कि स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव देश के बड़े समाजवादी नेता थे। सदन में सोमवार को उन्हें श्रद्धांजलि देने के बाद कोई काम न हो। साथ ही कहा कि जनहित में इस सत्र को न्यूनतम सात दिन का होना चाहिए।

विधानमंडल के शीतकालीन सत्र को सुचारू रूप से चलाने के लिए विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सभी दलों से सहयोग मांगा। सर्वदलीय बैठक में सपा ने न्यूनतम सात दिन तक सत्र चलाने की मांग रखी। साथ ही कहा कि पहले दिन पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ह्यनेताजीह्न को श्रद्धांजलि देने के बाद सदन की कार्यवाही स्थगित कर दिया जाए। माना जा रहा है कि सोमवार को अनुपूरक बजट प्रस्तुत करने के बाद सदन की कार्यवाही पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी जाएगी।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने 5 दिसंबर से प्रारंभ हो रहे 18वीं विधान सभा के तृतीय सत्र को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए सभी दलीय नेताओं से सहयोग देने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि संसदीय व्यवस्था में संवाद और सकारात्मक

### सपा ने की मुलायम के लिए पहले दिन स्थगन की मांग

चर्चा के माध्यम से लोकतंत्र मजबूत होता है। विधानसभा अध्यक्ष ने अनुरोध किया कि सभी सदस्य सदन में अपना पक्ष संसदीय मयार्दा के तहत रखें। विधानसभा में सपा के मुख्य सचेतक मनोज पांडेय ने कहा कि स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव देश के बड़े समाजवादी नेता थे। सदन में सोमवार को उन्हें श्रद्धांजलि देने के बाद कोई काम न हो।

साथ ही कहा कि प्रदेश में बड़ी गंभीर समस्याएं हैं, जिन पर चर्चा किया जाना आवश्यक है। इसलिए जनहित में इस सत्र को न्यूनतम सात दिन का होना चाहिए। विधानभवन में आयोजित इस बैठक में सभी दलीय नेताओं ने विधान सभा अध्यक्ष को सदन चलाने में सहयोग देने का आश्वासन दिया। भविष्य में भी नये प्रयोग के साथ विधानसभा में परिवर्तन देखने के सुझाव पर अध्यक्ष ने सहमति व्यक्त की। सर्वदलीय बैठक में संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सभी दलीय नेताओं को आश्वस्त किया कि सरकार पूरी गंभीरता के साथ विकास को नई गति देने और उसे आगे बढ़ाने के लिए कार्य करेगी। सरकार सभी मुद्दों पर सकारात्मक कार्यवाही के लिए प्रतिबद्ध है। संसदीय कार्यमंत्री ने मुख्यमंत्री की भावना के अनुरूप सभी दलीय नेताओं से सदन में शान्तिपूर्ण सहयोग करने की अपील की।

इससे पूर्व कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि सत्र के पहले दिन निधन के निर्देश रखे जाएंगे। सूत्रों ने बताया कि अभी यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि सोमवार को काम होगा या नहीं। बैठक में समाजवादी पार्टी के नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव के स्थान पर मनोज पांडेय, राष्ट्रीय लोक दल के नेता प्रदीप, अपना दल (सोनेलाल) के नेता रामनिवास वर्मा, निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल के नेता संजय निषाद व अनिल कुमार त्रिपाठी, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के नेता ओमप्रकाश राजभर, कांग्रेस पार्टी की नेता आराधना मिश्रा मोना, जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) के नेता रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया, बहुजन समाज पार्टी के नेता उमाशंकर सिंह ने भी अपने विचार रखे।

## गन्ना मूल्य और बिजली समस्या को लेकर सदन में हुंकार भरेंगे रालोद विधायक

**लखनऊ, 4 दिसंबर (वार्ता)।** विधानसभा के शीतकालीन सत्र में रालोद विधायक किसानों की समस्या को जोरशोर से उठाने की तैयारी कर रहे हैं। खास तौर से गन्ना मूल्य और बिजली समस्या जैसे मुद्दों पर फोकस रखा जाएगा। रालोद विधायक दल के नेता राजपाल बालियान ने कहा कि किसानों के काफी मुद्दे अभी जस के तस ही हैं। सरकार ने बिजली की दरों को आधा करने की बात कही थी पर नलकूपों पर लगाए जा रहे मीटरों ने किसानों की नींद उड़ा दी है। ये कई गुना बिल दर्शा रहे हैं जिन्हें अदा करना किसानों के लिए मुश्किल हो रहा है।

उन्होंने बताया कि सदन में इसके अलावा गन्ना मूल्य में कम से कम 50 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की मांग की जाएगी। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाएं क्या ट्रैक्टर ट्राली से ही होती हैं। बस व ट्रकों से नहीं। क्या उन पर रोक लगाई गई? यदि नहीं तो फिर ट्रैक्टर ट्राली पर क्यों? यह मामला सदन में उठेगा। खेतों के चारों तरफ कटीले तार आदि पर रोक लगाने जैसे फरमान बेतुके हैं। ऐसे सभी मामलों को सदन में पुरजोर तरीके से रखा जाएगा।

## शराब पीने से मना करने पर छुरी से पत्नी की काटी नाक

**मुरादाबाद, 4 दिसंबर (वार्ता)।** उत्तराखंड के उधमसिंह नगर जिले के बाजपुर निवासी राज मिस्त्री जोगेंद्र पर आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल के लोग दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। आरोप है कि शराब पीने से मना करने पर गुस्साए पति ने पत्नी की नाक छुरी से काट दी।

अस्पताल में नाक पर टांका लगवाने के बाद पत्नी ने कटघर पुलिस से शिकायत की। आरोप लगाया कि ससुराल के लोग दहेज के लिए उसे काफी प्रताड़ित करते थे। इस बीच उसने पति को शराब छोड़कर नेक राह पर चलने की सलाह दी थी। ताजपुर माफी निवासी मंतेश की शादी 12 जून 2016 को उत्तराखंड के उधमसिंहनगर जिले के बाजपुर निवासी राज मिस्त्री जोगेंद्र के साथ रीति-रिवाज से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल के लोग दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। पति के साथ सास संतोष, देवर राजकुमार दहेज में गाड़ी, टीवी फ्रिज

### आरोप-दहेज के लिए करते थे उत्पीड़न

और कूलर मायके से लाने के लिए दबाव बनाते थे। एक दिसंबर को पति शराब पीकर घर आया तो उसने नशा छोड़कर नेक राह पर चलने की सलाह दी। यही बात उसे बुरी लग गई। उसने छुरी से उसकी नाक पर वार कर दिया। बोला कि अब तुम मुझे सिखाएगी। उसकी नाक से खून गिरने लगा। घायल महिला इलाज कराने के लिए मायके चली आई। मायके वालों ने अस्पताल में उसका तत्काल प्राथमिक उपचार किया। महिला को लेकर उसके दादा कलुआ कटघर थाने में आए। उन्होंने अपनी पौत्री की घटना के बारे में कटघर थाना प्रभारी मनीष सक्सेना को जानकारी दी। थाना प्रभारी ने महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

## अफेयर के विरोध पर पत्नी को दी खौफनाक मौत

**मेरठ, 4 दिसंबर (वार्ता)।** मेरठ के भूमिया पुल पर खत्ता रोड़ स्थित नसरीन की 29 नवंबर को हत्या कर दी गई। नसरीन का कसूर सिर्फ इतना था कि वह अपने पति के विवाहेतर संबंधों का विरोध कर रही थी। पति और ससुराल वालों ने नसरीन की हत्या कर शव को दफना दिया था। उनका कहना था कि नसरीन ने फांसी लगा ली। रविवार को डीएम के आदेश पर नसरीन का शव कब्र से निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

दरअसल नसरीन के परिजनों ने दहेज के लिए और दूसरी शादी का विरोध करने पर बेटी की हत्या करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम होने के बाद ही मौत की वजह पता चल सकेगी। यह ऐसा पहला मामला नहीं है। इससे पहले सरधना में भी एक महिला की हत्या हो जाने के मामले में पुलिस ने महिला के शव को कब्र से निकलवाया था। जिसके बाद महिला की हत्या खुलासा हुआ था।

## शिवपाल के करीबी प्रमुख पति को पुलिस ने उठाया

**इटावा, 4 दिसंबर (वार्ता)।** मैनपुरी उपचुनाव से पहले शिवपाल के करीबी को पुलिस ने उठा लिया। दरअसल, पुलिस सुबह ताखा ब्लॉक प्रमुख को गिरफ्तार करने गई थी। उनके द्वारा दरवाजा न खोलने पर पुलिस दीवार फांदकर घुस गई। प्रसपा अध्यक्ष शिवपाल ने कहा कि मतदाताओं को डराया धमकाया जा रहा है।

इटावा जिले में मैनपुरी उपचुनाव के मतदान से पहले प्रसपा अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव के करीबी और ताखा ब्लॉक प्रमुख के पति ध्रुव यादव को सुबह पुलिस ने उनके घर से हिरासत में ले लिया। गेट न खोलने पर पुलिस दरवाजे से कूदकर घर में घुसी। इससे सपा कार्यकताओं में आक्रोश फैल गया। रविवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे सीओ भरथना विजय सिंह थाना पुलिस के साथ के साथ भरथना के मोहल्ला बृज राज नगर में नई बस्ती में ध्रुव यादव के घर पहुंच गए। गेट खटखटाने पर न खुलने पर पुलिस

### प्रसपा अध्यक्ष ने डराने का लगाया आरोप

दीवार कूदकर घर में प्रवेश कर गई। इसके बाद ध्रुव यादव को कोतवाली भरथना ले जाया गया। जानकारी पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में उनके समर्थक भरथना कोतवाली पहुंच गए। फोन पर प्रसपा प्रमुख शिवपाल सिंह यादव को सूचना दी गई। उन्होंने तत्काल डीएम और एसएसपी से बात की। इस पर अधिकारियों ने उन्हें छोड़ने के आदेश दिए। करीब 10 मिनट बाद ध्रुव यादव को छोड़ दिया गया। कुछ ही देर में ब्लॉक प्रमुख के आवास पर पहुंचे प्रसपा प्रमुख ने भाजपा सरकार पर लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाया। सरकार के इशारे पर पार्टी के नेताओं व कार्यकताओं का उत्पीड़न किया जा रहा है।

## स्पर्धा-2022 में छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

### श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज में रंगारंग प्रतियोगिता का आयोजन

**किसी छात्र ने दिखाया अपना कॉमेडी टेलेंट तो किसी छात्रा ने अपनी नृत्य प्रस्तुति से किया प्रभावित, कविताएं भी की प्रस्तुत**

**मुजफ्फरनगर, 4 दिसम्बर (बुस.)।** श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज में रंगारंग प्रतियोगिता स्पर्धा-2022 का शानदार आरम्भ रंगारंग कार्यक्रमों के साथ हुआ। शुभारम्भ कॉलेज के संस्थापक डॉ. एस.सी. कुलश्रेष्ठ, प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल, श्रीराम ग्रुप आफ इंजीनियरिंग के निदेशक डॉ. आलोक गुप्ता और डीन डॉ. सुचित्रा त्यागी आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित करके किया। प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आरम्भ विद्यार्थियों द्वारा पारम्परिक रूप से गणेश वन्दना प्रस्तुत कर किया गया। इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजी. विभाग के छात्र राहुल और अंशिका पुण्डीर ने सदाबहार गीतों को गाकर दर्शकों को झूमने पर विवश कर दिया। कम्प्यूटर सांइस एण्ड इंजी. की छात्राओं के ग्रुप डांस ने अपने नृत्य द्वारा अतिथियों का मन मोह लिया। इलेक्ट्रॉनिक्स के छात्रों द्वारा कॉलेज थीम पर ग्रुप ड्रामा कर सभी को खूब हंसाया। रंगारंग प्रतियोगिता की समाप्ति पर छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान इलेक्ट्रॉनिक्स के छात्र राहुल, द्वितीय स्थान पर अंशिका पुण्डीर एवं तृतीय स्थान पर शैलेश चौधरी रहे। सोलो नृत्य में कम्प्यूटर सांइस की छात्रा वंशिका प्रथम स्थान, इलेक्ट्रॉनिक्स की छात्रा साक्षी द्वितीय तथा कम्प्यूटर सांइस की छात्रा गार्गी तृतीय स्थान पर रहीं। युगल नृत्य में प्रथम स्थान कम्प्यूटर सांइस की खुशी व तनिष्का, मानसी और प्रिंसी को और तृतीय स्थान इलेक्ट्रॉनिक्स की दीक्षा और अंजली को प्राप्त हुआ। ग्रुप नृत्य में इलेक्ट्रॉनिक्स ने प्रथम स्थान और कम्प्यूटर सांइस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। एंकरिंग प्रतियोगिता में आलिम और विशु ने प्रथम स्थान, जिगर और साफिया ने द्वितीय स्थान और वीरसन और साहबाज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। श्रीराम ग्रप आफ कॉलेजेज के संस्थापक डॉ. एस. सी. कुलश्रेष्ठ ने सभी को सम्मानित किया। कुछ विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार भी दिए।




श्रीराम कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते डॉ. एस.सी. कुलश्रेष्ठ।

## सेहरा उतारकर पिता व भाभी को दी मुखाग्नि

**धौलछीना, 4 दिसंबर (वार्ता)।** अल्मोड़ा के बखरियाटाना में बरात की कार का हादसा होने में मारे गए दूल्हे के पिता जयंत सिंह, भाभी अंकिता का अंतिम संस्कार बागेश्वर के श्मशान घाट पर किया गया। दूल्हे दिनेश के सिर से सेहरा उतरा, उसे मुंडन कराना पड़ा। पिता, भाभी से आशीर्वाद लेने के बजाय उनकी चिता को मुखाग्नि देनी पड़ी। भतीजे समर के शव को गांव के ही श्मशान घाट में दफनाया गया। दूल्हे की बहन सीमा का अंतिम संस्कार उसके ससुराल डोटियालगांव में किया गया। शवयात्रा में बढ़ी संख्या में लोग शामिल रहे। दूल्हे की मासूम भतीजी अक्षिता रौतेला और भांजी योगिता बार-बार अपनी मां को पुकार रहे हैं। दूल्हे दिनेश समेत परिवार और गांव के लोग इस हादसे से स्तब्ध हैं। विवाह होने के बाद दूल्हा दिनेश दुल्हन को विदा कर अपने घर लौटा था। गांव वाले भी बरात के घर पहुंचने का इंतजार कर रहे थे। परिवार के चार सदस्य खोने के बाद कोहराम है।

## कोहरे में टकराए वाहन, टला हादसा

**मेरठ, 4 दिसंबर (वार्ता)।** मेरठ में रविवार सुबह कोहरे के कारण हाईवे पर कई वाहन आपस में टकरा गए। रोडवेज सवार सवारियों में मची चीख-पुकार मच गई। हादसे में एक सवारी घायल हुई है।

मेरठ में रविवार को सुबह से ही घना कोहरा छाया रहा। मोदीपुरम में दिल्ली-देहरादून हाईवे पर शून्य विजीबिल्टी के चलते टोल प्लाजा के पास एक ट्रक में रोडवेज व पीछे से कैंटर घुस गया। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। हालांकि, मामूली रुप से एक सवारी घायल हुई, जिसे उपचार दिलाया गया। हादसे के बाद हाइवे पर जाम लग गया। रविवार को सीजन में सुबह के समय दूसरी बार घना कोहरा छाया। शहर से लेकर देहात तक कोहरे के चलते शून्य विजीबिल्टी रही। हाइवे पर दिन में ही कोहरे के चलते वाहन चालकों को लाइट जलाकर चलना पड़ा। टोल प्लाजा पर एक ट्रक में पीछे से रोडवेज बस घुस गई। बस में पीछे से कैंटर ने टक्कर मारी।

## कत्ल कर शव के साथ रहे आरोपी

**रुड़की, 4 दिसंबर (वार्ता)।** रुड़की के भगवानपुर में दवा कंपनी कर्मचारी की सोची समझी साजिश के तहत की गई हत्या से सनसनी फैल गई है। जांच में सामने आया है कि हत्यारोपी दो दिन तक लाश के साथ रहे। जब शव से बदबू आने लगी और उसे ठिकाने लगाने का प्लान फेल होता दिखा तो फरार हो गए। पौड़ी निवासी नितिन की हत्या के बाद आसपास के लोग यह सोचकर परेशान हैं कि किसी व्यक्ति को मारकर कमरे में छोड़ दिया गया और उन्हें पता ही नहीं चला। जानकारी के अनुसार जिस मकान में हत्या हुई है वह मकान तीन मंजिला था। सबसे ऊपर की मंजिल पर हत्या हुई। नीचे के दो तलों में किराएदार रहते थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार किराएदारों और आसपास के लोगों ने कई सनसनीखेज बातें बताई हैं। पांच दिन पहले ऊपरी मंजिल पर रहने वाले युवक बाजार से अनाज की टंकी लेकर आए थे। वो लोग किसी से ज्यादा बातचीत नहीं करते थे।

## विधायक समर्थकों की टोल प्लाजा पर धौंस

**वाराणसी, 4 दिसंबर (वार्ता)।** मिजार्पुर के मझवां से विधायक डॉ. विनोद कुमार बिंद के समर्थकों और डाफी टोल प्लाजा कर्मियों के बीच रविवार सुबह टोल प्लाजा पर नोकझोंक हुई। आरोप है कि टोल का बूम बैरियर उठाने में हुई देरी पर भड़के विधायक समर्थकों ने बूम बैरियर हटाकर 120 गाड़ियों को पास कराया। डाफी टोल प्लाजा के सिक्योरिटी सुपरवाइजर ने लंका थाने में विधायक समर्थकों के खिलाफ तहरीर दी। मौके पर पहुंचे लंका इंस्पेक्टर ने सीसी कैमरे खंगालते हुए छानबीन की। चंदौली के पीडीडीयूनगर निवासी डॉ. विनोद कुमार बिंद अपने काफिले से मिजार्पुर के मझवां विधानसभा क्षेत्र में जा रहे थे। सुबह 11.40 बजे डाफी टोल प्लाजा के लेन नंबर दस पर पहुंचे तो काफिले के आगे ट्रक की लाइन थी।

## पूर्व विधायक की बहू का हुआ फ्लैट कुर्क

**भदोही, 4 दिसंबर (वार्ता)।** सपा व निषाद पार्टी के पूर्व विधायक विजय मिश्र व उनकी करीबियों पर लगातार शिकंजा कसता जा रहा है। रविवार को जिले की पुलिस ने लखनऊ कमिश्नरेट और जिला प्रशासन के सहयोग से पूर्व विधायक की बहू रूपा मिश्रा के नाम से खरीदे गए 11.55 करोड़ के फ्लैट को कुर्क कर दी। लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी में स्थित फ्लैट को जिलाधिकारी गौरांग राठी ने बीते एक दिसंबर को कुर्क करने का आदेश दिया था। आरोप है कि पूर्व विधायक ने यह फ्लैट आपराधिक कृत्य से अर्जित धन से रजिस्ट्री कराई थी। केन्द्रीय कारागार आगरा के जेल में बंद पूर्व विधायक पर जिला प्रशासन की ओर से लगातार कार्रवाई की जा रही है।

मुजफ्फरनगर बुलेटिन



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224–सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223–सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224–सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक– अंकुर दुआ
डिप्टी -सम्पादिका–श्रीमति पूजा दुआ
(प्रकाशक)–98370-42840, 94127-10840
विज्ञापन– 9368549219 (नि.) 7983359929,
सम्पादक– 9412210257
e-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2022

**सम्पादक की क़लम से**

## हाथ से हाथ जोड़ों अभियान

कांग्रेस पार्टी, भारत जोड़ो यात्रा के समापन के बाद एक और योजना लेकर आने वाली है। कांग्रेस के संगठन सचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि चर्चा के बाद यह फैसला लिया है कि 26 जनवरी को कांग्रेस देशभर में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान शुरू करेगी। कांग्रेस को इन अभियानों से कोई राजनैतिक लाभ मिलेगा या नहीं यह तो पता नहीं है, लेकिन इतना साफ है कि कांग्रेस को मीडिया कवरेज मिलती रहेगी। राहुल गाँधी सहित अन्य कांग्रेसी नेताओं के मीम्स बनते रहेंगे और अगर किसी ने ज्यादा जज्बात में आकर प्रधानमन्त्री पर कोई गलत तंज कर दिया, तो उनकी सोशल मीडिया पर खिल्ली उड़ती रहेगी। इन दिनों कांग्रेस कुछ अधिक ही सक्रिय दिखाई दे रही है, जबकि कुछ लोगों का कहना है कि कांग्रेस अब भाजपा के नक्शे कदम पर चल रही है। कांग्रेस में अध्यक्ष पद का चुनाव भाजपा की शैली को देखकर कराया गया है। कांग्रेस अब समझने लगी है कि उसका कौन-कौन सा पुर्जा खराब है। मशीनों के मिस्त्री अक्सर यही बात कहते हैं कि अगर मशीन का कोई बड़ा पुर्जा ही खराब हो तो छोटे पुर्जे बदलने से भी मशीन सही चलने वाली नहीं है। मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में हुई कांग्रेस संचालन समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि कांग्रेस का तीन दिवसीय अधिवेशन अगले साल फरवरी महीने में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में होगा। केसी वेणुगोपाल ने बताया की अधिवेशन फरवरी के दूसरे पखवाड़े में होगा। इस अधिवेशन में कांग्रेस पार्टी विभिन्न मुद्दों को लेकर मंथन करेगी। हाथ से हाथ जोड़ो अभियान 2 महीने तक चलने वाला है। इस अभियान में राहुल गांधी के सन्देश वाला पत्र भी लोगो को सौंपा जाएगा। देशभर के कांग्रेस कार्यकर्ता इसमें शामिल होंगे। यह फैसला संचालन कमेटी के मंथन के बाद लिया गया है। यह खड़गे के अध्यक्ष बनने के बाद कांग्रेस संचालन समिति की यह पहली बैठक थी। संचालन समिति का गठन मल्लिका अर्जुन खडगे ही ने पार्टी के अध्यक्ष पद का भार सम्भालने के बाद किया था। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने संवाददाताओं से कहा था कि कांग्रेस संचालन समिति की बैठक का मुख्य उद्देश्य यह तय करना है कि अधिवेशन सत्र कब होगा और इसे कहां आयोजित किया जाए। इसी मुद्दे पर चर्चा होगी। बैठक में खड़गे ने जवाबदेही की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि जो लोग अपनी जिम्मेदारी निबाहने में अक्षम है, उन्हें नए लोगों को मौका देना चाहिए । बैठक में खड़गे के अलावा पार्टी संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और कई अन्य नेता शामिल थे। भारत जोड़ो यात्रा में व्यस्तता के कारण राहुल गांधी इस बैठक में हिस्सा नहीं ले पाए। राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा पर हैं। सात सितंबर से कन्याकुमारी से उन्होंने इसकी शुरूआत की थी। 3,500 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए यह पदयात्रा 12 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों से होकर निकलेगी, जो लगभग 150 दिनों में संपन्न होगी। इस यात्रा को 90 दिन पूरे होने वाले हैं। मध्य प्रदेश में राहुल की यात्रा के बाद यह यात्रा राजस्थान से शुरू होगी। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा पर राजस्थान कांग्रेस में जगजाहिर फूट का असर दिखाई पड़ सकता है, इसकी उम्मीद जताई जा रही है। झालावाड़ में सचिन पायलट का पोस्टर हटाने को लेकर उनके समर्थकों ने प्रदर्शन किया है। इस बीच, कांग्रेस नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने पार्टी में गुटबाजी की खबरों को खारिज किया है। सचिन पायलट ने कहा कि राजस्थान कांग्रेस पूरी तरह एकजुट है। फिलहाल भारत जोड़ो यात्रा को अन्य राज्यों के मुकाबले अधिक सफल बनाने पर ध्यान है। सचिन पायलट ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से दूरियों पर सवाल पूछे जाने पर जवाब में बीजेपी को अफवाह फैलाने का दोषी बताया। सचिन पायलट ने कहा कि यह सब उस पार्टी की ओर से हो रहा है, जहां सीएम पद के करीब एक दर्जन दावेदार हैं। सचिन पायलट ने कहा कि बीजेपी में गुटबाजी बहुत ज्यादा है। वो पिछले 4 साल में राजस्थान में एक अच्छे विपक्ष का किरदार नहीं निबाह पाए। भारत जोड़ो यात्रा के राजस्थान में होने पर जब सवाल पूछा गया, तो सचिन पायलट ने कहा कि राहुल गांधी की यात्रा को लेकर पूरी पार्टी में एकजुटता है। हम मिलकर इसे कामयाब बनाने के लिए काम कर रहे हैं। सचिन पायलट ने आगे कहा कि किसी ए, बी या सी व्यक्ति का सवाल नहीं है। पार्टी के तौर पर हमने राजस्थान में सरकार बनाने के लिए कड़ी मेहनत की। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव की दिशा में हमारी कोशिशों को मजबूत करेगी। उन्होंने कहा कि कुछ कहानियां गढ़ने का प्रयास हो सकता है। विवाद पैदा करने की कोशिश हो सकती है, लेकिन पार्टी एकजुट है। हम यह तय करेंगे कि भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान में दूसरे राज्यों से अधिक सफल हो। मध्यप्रदेश में भारत जोड़ो यात्रा विवादित भी हो गयी। भारतीय जनता पार्टी आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने आरोप लगाया था कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में लगातार पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाया गया है। उन्होंने इसका एक वीडियो भी शेयर किया था, जिसे कांग्रेस ने फेक करार दिया था। हालांकि, अब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ ने इस वीडियो पर स्पष्टीकरण दिया है। जिस पर मध्य प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि स्वरा भास्कर, कन्हैया कुमार जैसे लोग जहां रहेंगे, वहां पाकिस्तान जिंदाबाद जैसे नारे लगने पर हैरानी नहीं। मध्य प्रदेश के दतिया में पत्रकारों से बात करते हुए गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा,भारत जोड़ो यात्रा में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे का लाइव ट्वीट किया गया। सच आखिरकार सामने आ ही गया। हम उस यात्रा से और क्या उम्मीद कर सकते हैं, जिसमें स्वरा भास्कर और कन्हैया कुमार जैसे लोग भाग ले रहे हैं? वहीं। इस मामले पर सफाई देते हुए मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता कमलनाथ ने कहा कि जो वीडियो जारी हुआ है, वो लाइव चल रहा था। यात्रा में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे कौन लगाएगा? ये वो लगाएंगे जो यात्रा को डिस्टर्ब करना चाहते हैं।

## एटीएम कार्ड बदलकर दिव्यांग के 72 हजार निकाले

कैराना, 4 दिसम्बर (बु.)। गांव बुच्चाखेड़ी निवासी दिव्यांग प्रेम सिंह ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी कि 30 अक्टूबर को वह केनरा बैंक के सामने एक प्राइवेट कम्पनी की एटीएम मशीन से रुपए निकालने आया। मशीन ने उसके रुपए नहीं निकाले, जिस पर पास ही खड़े युवक ने कहा कि वो एटीएम से तुम्हारे रुपए निकाल देगा। आरोपी ने उसका एटीएम कार्ड लेकर बदल दिया और उसे फर्जी कार्ड दे दिया। मशीन ने फर्जी कार्ड भी नहीं पकड़ा, जिसके बाद वह घर पर वापस आ गया। 15 मिनट बाद ही उसके मोबाइल पर रुपए निकलने के मैसेज आने शुरू हो गये। जिसके बाद उसने टोल फ्री नम्बर पर काल करके अपना एटीएम कार्ड बंद करा दिया, लेकिन इस दौरान आरोपी ने उसके खाते से 72 हजार रुपए निकाल लिए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी।

# भारत में खत्म होने की कगार पर पहुंचा कोरोना

**-कोविड-19 से ठीक होने की राष्ट्रीय दर बढ़कर 98.80 प्रतिशत हो गई है। ठीक होने वालों की संख्या बढ़कर 4,41,38,235 हो गई है, जबकि मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है।**



नई दिल्ली, 04 दिसम्बर (वार्ता)। भारत में पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के 226 नए मामले आने से संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4.46 करोड़ हो गई, जबकि उपचाराधीन रोगियों की संख्या 68 घटकर 4,529 रह गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के रविवार सुबह आठ बजे तक के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, ओडिशा में संक्रमण से एक व्यक्ति की मृत्यु की सूचना है और मृतक संख्या बढ़कर 5,30,6278 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार उपचाराधीन रोगियों की संख्या कुल संक्रमितों का 0.01 प्रतिशत है। कोविड-19 से ठीक होने की राष्ट्रीय दर बढ़कर 98.80 प्रतिशत हो गई है। बीमारी से ठीक होने वालों की संख्या बढ़कर 4,41,38,235 हो गई है, जबकि मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार देश में कोविड-19 टीकाकरण अभियान के शुरू होने के बाद से कोविड-19 रोधी टीके की अब तक 219.93 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि भारत में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या सात अगस्त 2020 को 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख तथा 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। देश में पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 25 जनवरी को संक्रमण के कुल मामले चार करोड़ के पार हो गए थे।

# गर्भवती महिला की मौत के मामले में पुलिस से मिले परिजन



कांधला थाने पर कार्यवाही की मांग को लेकर पहुँचे मृतका सोनिया के परिजन।

कांधला, 04 दिसम्बर (बु.)।प्राइवेट हॉस्पिटल में ऑपरेशन के दौरान लापरवाही के चलते गर्भवती महिला व नवजात शिशु के मौत के मामले में मृतका के पति ने महिला डॉक्टर व अन्य के विरुद्ध नामजद तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है। कस्बा निवासी मदन की 25 वर्षीया पुत्री सोनिया की शादी जनपद बागपत के मोजिजाबाद भगवानपुर निवासी पिंकेश के साथ हुई थी। रविवार को पिंकेश पुत्र धीर सिंह दर्जनों लोगों के साथ थाने पहुंचा और पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि सोनिया 7 माह की गर्भवती थी। शुक्रवार की सुबह महिला की अचानक तबीयत खराब हो गई, जिसके चलते परिजनों ने गंभीर हालत में दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया। हॉस्पिटल स्टाफ ने गंभीर सोनिया को भर्ती का उपचार शुरू कर दिया। परिजनों का आरोप है कि हॉस्पिटल स्टाफ में मोटी रकम जमा कराने के पश्चात सोनिया का उपचार किए जाने की बात कही आरोप है कि देर रात हॉस्पिटल की लापरवाही के चलते गर्भवती सोनिया की मौत हो गई। सोनिया की मौत की खबर हॉस्पिटल के डॉक्टर के द्वारा छुपाई गई। आरोप है कि मृतक सोनिया की मृत्यु के बाद भी डॉक्टर धोखाधड़ी से पीड़ित के पैसे जमा करता रहा। घटना के संबंध में पीड़ित पति ने कमला देवी हॉस्पिटल की महिला डॉक्टर सरिता व हॉस्पिटल संचालक पानीपत निवासी डॉक्टर प्रदीप के के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराने की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक श्यामवीर सिंह का कहना है कि घटना के संबंध में तहरीर मिलने पर अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई की जाएगी।

## परीक्षा से लौट रहे पति-पत्नी को ट्रैक्टर ने कुचला, दोनों की मौत



पानीपत, 04 दिसम्बर (वार्ता)। पानीपत में डाडोला बाईपास पर गन्ने से लदे ट्रैक्टर ट्राली ने दंपती को कुचल दिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। पति अपनी पत्नी की एचटेट की परीक्षा दिलाकर उसे बाइक पर लेकर गांव लौट रहा था। आरोपी ट्रैक्टर चालक मौके पर ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। दंपती की मौत से गांव डाडोला में मातम छाया है। मृतक युवक परिवार का इकलौता बेटा भी था। वो पत्नी के अध्यापक बनने के सपने को साकार कराने के लिए उसका हर प्रकार से सहयोग कर रहा था। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल भिजवाया। पुलिस आरोपी ट्रैक्टर चालक की धरपकड़ में जुटी है। पुलिस पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर रही है।दोनों एक बच्ची के माता- पिता भी थे। रविवार को राहुल अपनी पत्नी दीपा की एचटेट की परीक्षा दिलाने एसडी कॉलेज आया था। दीपा की परीक्षा दिलाने के बाद अंकुश उसे बाइक पर लेकर वापस घर लौट रहा था। जब वें डाडोला बाईपास के पास फ्लाईओवर के नीचे पहुंचे तो छाजपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार गन्ने से भरे ट्रैक्टर-ट्राली ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर गिर पड़े। ट्रैक्टर ने दोनों को कुचल दिया। अंकुश व दीपा की मौके पर ही मौत हो गई।

# शिवपाल यादव से बंगला भी खाली कराएगी योगी सरकार



लखनऊ, 04 दिसम्बर (वार्ता)। सुरक्षा में कटौती के बाद किए जाने के बाद क्या शिवपाल सिंह यादव से लखनऊ का आलीशान बंगला भी छिन सकता है? मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सरकार इसकी तैयारी कर रही है। इस सम्बन्ध में पूछे जाने पर एक निजी चैनल से डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उन्हें विधायक निवास दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधायक को आवंटित आवास में पार्टी का दफ्तर चलाना गलत है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक लखनऊ के लाल बहादुर शास्त्री मार्ग पर शिवपाल सिंह यादव को आवंटित बंगले में प्रगतिशील समाजवादी पार्टी का दफ्तर चलाए जाने का आरोप है। इसी आधार पर उनसे सरकारी बंगला खाली कराए जाने की चर्चा है। सरकार ने लाल बहादुर शास्त्री में बंगला नंबर 6 शिवपाल सिंह यादव को आवंटित किया था। उन्हें जेड श्रेणी सुरक्षा भी प्रदान की गई थी, तब शिवपाल अखिलेश यादव से अलग थे, लेकिन मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में यादव परिवार की विरासत बचाने के लिए बहू डिंपल यादव के समर्थन में उन्होंने अखिलेश के साथ न केवल मंच साझा किया बल्कि घर-घर प्रचार भी किया।

इसी बीच उनकी जेड श्रेणी सुरक्षा में कटौती करते हुए सरकार ने उसे वाई श्रेणी में तब्दील कर दिया, जिस दिन शिवपाल की सुरक्षा घटाई गई, उसी दिन से उनसे सरकारी बंगला खाली कराने के भी कयास लगाए जा रहे हैं। इसके साथ ही गोमती रिवरफ्रंट केस से जुड़ी फाइलों को भी खंगाले जाने की भी चर्चा है। बता दें कि शिवपाल सिंह यादव ने 2018 में समाजवादी पार्टी से अलग होकर प्रगतिशील समाजवादी पार्टी का गठन किया था।

## मेरठ में देवबंद के युवक से बदमाशों ने लूटे सवा लाख रुपये

मेरठ, 04 दिसम्बर (वार्ता)। मेरठ जनपद के दौराला में एक युवक से बदमाशों ने सवा लाख रुपये लूट लिए। बताया गया कि हाईवे स्थित एक अस्पताल के पास बदमाशों ने देवबंद के गांव लगपुरा निवासी युवक जाने आलम से लूट की वारदात को अंजाम दिया है। विरोध करने पर बदमाशों ने उसके पैर में गोली भी मार दी। लेकिन युवक ने पुलिस को कोई जानकारी नहीं दी और देवबंद स्थित सरकारी अस्पताल में पहुंच गया। अस्पताल कर्मियों ने पुलिस को जानकारी दी तो मामला दौराला थाना क्षेत्र का निकला। जिस पर दौराला पुलिस ने युवक को दिनभर साथ लेकर हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली।



पुलिस मामले को संदिग्ध मानकर चल रही है। पुलिस का मानना है कि युवक के स्वयं गोली लगी है। देवबंद के गांव लगपुरा निवासी जाने आलम पुत्र अहसान शुक्रवार को दिल्ली में अपने मामा महबूब के यहां गया था। जाने आलम ने बताया कि वह मामा से पांच लाख की नकदी लेकर लौट रहा था। टोल पार करने के बाद एक अस्पताल के सामने बदमाशों ने उसे रोक लिया और एक लाख 26 हजार की नकदी लूट ली। विरोध करने पर बदमाशों ने उसके पैर में गोली मार दी। पीड़ित बिना पुलिस को सूचना दिए देवबंद पहुंच गया। जबकि दौराला थाने के अलावा सकौती चौकी, खतौली थाना, मुजफ्फरनगर थाना भी बीच में था। देवबंद सरकारी अस्पताल में जाने आलम भर्ती हुआ तो अस्पताल कर्मियों ने देवबंद पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली और घटना दौराला की बताई। शनिवार को जाने आलम दौराला पहुंचा और जानकारी दी। पुलिस ने जाने आलम को साथ लेकर टोल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाली। साथ ही हाईवे पर मेरठ तक कैमरों की फुटेज को खंगाला गया। पुलिस का कहना है कि युवक बार-बार बयान बदलता रहा। बाकी पैसों के बारे में पूछा तो युवक ने बताया कि बाकी के पैसे उसने अपने भाई को दे दिए थे। थाना प्रभारी रमाकांत पचौरी का कहना है कि युवक झूठ बोल रहा है। सीसीटीवी कैमरों में भी ऐसा कुछ दिखाई नहीं दिया। कार चलाने के दौरान युवक के स्वयं पैर में गोली लगी होगी। जिस कारण उसने पुलिस को सूचना नहीं दी। मामले की जांच की जा रही है। बताया कि पीड़ित ने इस संबंध में कोई तहरीर नहीं दी है।

# इंजीनियर ने किराए के घर में छिपाए थे 1 करोड़ रुपये, नोटों से भरे दो बैग के साथ लाखों के जेवर बरामद



पटना, 04 दिसम्बर (वार्ता)। महज दो लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किए गए भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता संजीत कुमार के आवास से निगरानी ब्यूरो ने लगातार चली छापेमारी में एक करोड़ आठ लाख रुपये बरामद किए हैं। इसके अलावा करीब 27 लाख के सोने-चांदी के जेवर भी बरामद किए गए हैं। शनिवार को इंजीनियर संजीत कुमार को निगरानी की विशेष कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। तलाशी के दौरान इंजीनियर के गर्दनीबाग स्थित निजी आवास से करीब 25 लाख रुपये नकद बरामद किए गए। इसी क्रम में इंजीनियर के किराये के एक आवास का पता भी निगरानी टीम को लगा। ताला तोड़ निगरानी की टीम अंदर दाखिल हुई, तो एक अलमारी में दो बैग रखे मिले, जिन्हें खोला गया तो बैग में पांच सौ और दो हजार रुपये के नोट रखे गए थे। करीब पांच से छह घंटे में बैग में भरे नोटों की गिनती हुई। अब तक की गिनती में 1.08 करोड़ रुपये बरामद हो चुके हैं। इसके अलावा इंजीनियर के निजी आवास से 27 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवर भी मिले है। एक लाकर भी मिला, जिसे सील कर दिया गया है। इंजीनियर संजीत कुमार को विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। उल्लेखनीय है कि निगरानी ब्यूरो ने शुक्रवार को गर्दनीबाग से भवन निर्माण विभाग के केंद्रीय प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता संजीत कुमार को आनंद कुमार नामक एक ठीकेदार से कराए गए कार्य का भुगतान करने के एवज में दो लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया था। गर्दनीबाग से यह गिरफ्तारी की गई थी। इंजीनियर को गिरफ्तार करने के बाद पहली पूछताछ में निगरानी को घर में बड़ी रकम होने का अंदेशा हुआ।


आवश्यकता है




शूज की दुकान पर एक एकाउटेंट की आवश्यकता है।
अपना रिज्यूम लेकर आयें।
वेतन : योग्यतानुसार
-: सम्पर्क करें :-
Shoes Mart
140 C. Bazar, New Mandi, Muzaffarnagar
M. 9897628928


## चार तीर

सहाफी : पत्रकार, कपि : वानर

-सुनील 'उत्सव'

"शेर" "सहाफी" "कविता" "कपि"

गाने वाले शेर कहें ये इतना भी आसान नहीं,
पढ़ने वालों को भी सहाफी, अब शायर लिख देते हैं।
कविता को जीवन्त बनाना, ये बच्चों का खेल नहीं,
लिखने को तो कपि जैसे भी खुद को कवि लिख लेते हैं।

## दहेज उत्पीड़न में 6 के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

कैराना, 4 दिसम्बर (बु.)। महिला को अतिरिक्त दहेज के लिए परेशान करने, जेठ द्वारा छेड़खानी करने व पति द्वारा तीन तलाक देने के मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति सहित 6 ससुराल वालों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली। क्षेत्र के गांव गोगवान निवासी महिला ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसका निकाह फरवरी 2012 में सहारनपुर निवासी इरफान के साथ हुआ था। उसके ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज में एक लाख की नकदी व बाइक की मांग करते थे। मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी। उसके एक बेटा व दो जुड़वा बेटियां हुई थी। उसका जेठ उसके ऊपर बुरी नजर रखता था तथा आये दिन उसके साथ छेड़खानी करता था। करीब 3 माह पहले ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट की और पति ने तीन तलाक देकर उसे घर से निकाल दिया, जिसके बाद वह अपने मायके में रह रही है। मामले में पुलिस ने पति इरफान, जेठ इंतजार, जेठानी आसो, देवर सद्दाम, ननद वरीसा व सास जरीफा के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली।

## जनपद जाट महासभा मेधावी छात्र-छात्राओं को करेगी सम्मानित

मुजफ्फरनगर, 04 दिसम्बर (बुस.)। जनपद जाट महासभा के प्रेस प्रवक्ता अनिल चैधरी उर्फ मुन्नू ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में अवगत कराया कि आज जनपद जाट महासभा की एक आवश्यक बैठक चौधरी चरण सिंह भवन वर्मा पार्क गांधी कालोनी मे सम्पन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता जगदीश बालियान अध्यक्ष जनपद जाट महासभा ने की तथा संचालन ओमकार सिंह अहलावत महामंत्री जनपद जाट महासभा ने किया, जिसमे दिनांक 11 दिसम्बर में होने वाले जनपद जाट महासभा के मेधावी छात्र-छात्राओं एवं प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भोपा रोड स्थित पंजाबी बारात घर में सम्मानित किया जायेगा, जिसमें मुख्य अतिथि वन्दना वर्मा एमएलसी, अति विशिष्ट अतिथि डॉ.राममोहन चेयरमैन सुदिती ग्लोबल एकेडमी,मैनपुरी, अति विशिष्ट अतिथि डॉ.नरेश कुमार मलिक प्राचार्य चौ..छोटूराम पी.जी.कॉलेज, मुजफ्फरनगर, विशिष्ठ अतिथि सरदार जंग सिंह प्रबन्धक पंजाबी बारात घर भोपा रोड, विशिष्ठ अतिथि इंजी.संजीव कुमार टैगोर गार्डन, नई दिल्ली, विशिष्ठ अतिथि अमित चौधरी डॉयरेक्टर वसुन्धरा रेजीडेंसी, मुख्य संरक्षक कुं. विजय राज सिंह, वरिष्ठ सचिव युद्धवीर सिंह मौजूद रहेंगे।

प्रवक्ता अनिल चौधरी मुन्नू ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रातः 10 बजे प्रारम्भ होगा। समाज के सभी सम्मानित नागरिकों से अपील है कि वे समय से कार्यक्रम में पहुंच कर कार्यक्रम की शोभा बढायें। बैठक में धर्मवीर मलिक उपाध्यक्ष, सुन्दरपाल सिंह, देवेन्द्र सिंह चेयरमैन, युद्धवीर सिंह, यशपाल सिंह विश्वबंधु, कोषाध्यक्ष, प्रेस प्रवक्ता अनिल चैधरी मुन्नू, डॉ.जीत सिंह तोमर, गजेन्द्र पाल सिंह, श्यामपाल सिंह चेयरमैन, ब्रजवीर सिंह एडवोकेट, देवेन्द्र सिंह तोमर एड., मनोज राठी, महकार सिंह, रेनू तोमर जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा, कुलदीप सिवाच, ब्रजेश चैधरी, अरविन्द मलिक, प्रो.अमित मलिक, प्रवेन्द्र कुमार, भोपाल सिंह बालियान, ओमवीर सिंह, विरेन्द्र सिंह बालियान, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।


शोक संदेश



बड़े दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे भाई
गौरव बांगा (चन्दर) का आकस्मिक निधन
दिनांक 29 नवम्बर 2022, दिन मंगलवार
को हो गया है। ईश्वर की ऐसी ही इच्छा थी।
उठाला, श्री गुरु सिंह सभा रोडवेज पर
आज दिनांक 5 दिसम्बर 2022, दिन सोमवार को
दोपहर 1 से 2 बजे व पाठ योग, 11:00 बजे होना निश्चित हुई है। गुरु का अटूट लंगर 11:30 बजे होगा।
-शोकाकुल परिवार-
बांगा परिवार, नारंग परिवार, ढींगरा परिवार, गुलाटी परिवार
-प्रतिष्ठान-
● पंजाबी कोल डिपो, ● रामजी गारमेन्ट्स,
● आसमा गारमेन्ट्स,
● आर.एम.जी. इन्टरनेशनल
मोबाइल : 9897029211, 9897770228



श्रद्धांजलि

सुनहु भरत भावी प्रबल, बिलख कोउ मुनि नाथ।
हानि-लाभ, जीवन मरण, यश अपयश विधि हाथ।



अत्यंत दुःखी हृदय से सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी प्रिय पुत्री
कु. वर्णिका गोयल दिनांक 25 नवम्बर 2022, दिन शुक्रवार को
अपनी अल्पायु में सांसारिक यात्रा पूरी करके प्रभु चरणों में विलीन हो गयी है।
दिवंगत आत्मा की शांति एवं श्रद्धांजलि के लिए शोक सभा
आज दिनांक 5 दिसम्बर 2022, दिन सोमवार को समय
दोपहर 2:00 बजे, स्थान : भगत सिंह हॉल, बारात घर,
पचेण्डा रोड, मुजफ्फरनगर पर सम्पन्न होगी।
-शोकाकुल परिवार-
स्नेहलता गोयल (दादी जी), संगीता गर्ग-अनिल गर्ग (बुआ-फूफा जी)
शैलेश गोयल एड.-बबीता गोयल (ताऊ-ताई जी)
संदीप गोयल-पूजा गोयल (पिता-माता) सुशांत गर्ग-सोनल गर्ग (भाई-भाभी),
गौतम, दिव्यांश (भाई), शिवांगी, स्मिति (बहन)
-प्रतिष्ठान-
● स्वास्तिक एन्टरप्राईजेज (कोन्टीनैन्टल इण्डिया प्रा.लि.)
भोपा रोड, मुजफ्फरनगर
निवास :- 489, सिविल लाईन उत्तरी, मुजफ्फरनगर 251001 (उ.प्र.)
मोबाइल : 7017382499, 7906983171, 9027460829
नोट : रस्म पगड़ी का कोई भी कार्य नहीं किया जायेगा।
कृपया पगड़ी लाने का कष्ट न करें।


## बुलेट न देने पर महिला को घर से निकाला

कांधला, 04 दिसम्बर (बु.)। थाना क्षेत्र के नई बस्ती कांधला देहात निवासी अफसाना पुत्री इकराम ने पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि उसका निकाह बस्ती निवासी आसिफ पुत्र जमीन के साथ हुआ था। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग दहेज के अतिरिक्त मांग को लेकर महिला का शोषण करते रहते हैं। महिला का आरोप है कि पति सहित ससुराल पक्ष के अन्य लोगों ने बुलेट की मांग की थी, जिसे महिला द्वारा मना कर दिया जाने पर पति व ससुराल पक्ष के लोगों ने मारपीट करते हुए घर से बाहर निकाल दिया। घटना के संबंध में पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सीकरी मेले से वापस आते वक्त बैलगाड़ी को कार ने मारी टक्कर





भोपा, 04 दिसम्बर (बु.)। भोपा थाना क्षेत्र के सीकरी में गत कई दिनों से उर्स मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बाहर के गांव से सामान बेचने के लिए काफी दुकानदार आते हैं। मुजफ्फरनगर के भोपा रोड स्थित सनातन धर्म डिग्री कॉलेज के आसपास रहने वाले बागड़िया जाति के जगदीश पुत्र धर्मसिंह व अतियाा पत्नी जगदीश सीकरी मेले में सामान बेचने के लिए आए हुए थे। रविवार देर शाम वे अपना सामान बेचकर मुजफ्फरनगर वापस जा रहे थे। जैसे ही वह रहकड़ा पुलिया से थोड़ा आगे पहुंचे, तो सामने से आ रही एक कार ने उनकी बैलगाड़ी में जबरदस्त टक्कर मार दी, जिससे दोनों पति-पत्नी सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची भोपा पुलिस पीआरवी 2231 ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोपा पर पहुंचाया, जहां दोनों का उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया है और कार्यवाही में जुटी हुई है।

# खतौली सील, मैदाने जंग में पहुंची प्रशासन की फौज

▶ सुबह सात बजे से 369 बूथों पर मतदान होगा ▶ पोलिंग पार्टियां देर शाम तक सभी मतदान केंद्रों पर पहुंची ▶ प्रशासन ने नौ जोन और 37 सेक्टर में बांटा क्षेत्र







**मुजफ्फरनगर, 4 दिसंबर (बु.)।** खतौली विधानसभा उप चुनाव के लिए आज पोलिंग पार्टियों के मतदान केंद्रों पर पहुंचने के साथ ही कल सुबह से होने वाले मतदान की तैयारियां पूरी कर ली गईं। आज पोलिंग पार्टियों को रवाना करते हुए उन्हें निर्भीक होकर स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा प्रशासन पहले ही इस बात का ऐलान कर चुका है कि मतदान के दिन खतौली में बाहरी लोगों का प्रवेश वर्जित रहेगा। इसके चलते विधानसभा क्षेत्र की सीमाएं सील करते हुए वहां कड़ी जांच की जा रही है।

जिलाधिकारी चंद्र भूषण सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल की मौजूदगी में आज विधानसभा खतौली उप निर्वाचन 2022 मतदान हेतु मंडी समिति मुजफ्फरनगर से पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। इस मौके पर जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र भूषण सिंह ने कहा कि पोलिंग पार्टियां अपने मतदान स्थल पर ही रात्रि विश्राम करें। पीठासीन अधिकारियों सहित अन्य सभी मतदान कर्मी निष्पक्ष रहे और पारदर्शी ढंग से मतदान सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें। पोलिंग पार्टी मतदान केन्द्रों पर पंहुचकर किसी प्रत्याशी अथवा किसी दल का आतिथ्य स्वीकार न करें। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अभी से ही भ्रमणशील हो जाये और अपने पोलिंग पार्टी के गन्तव्य पर पंहुचने के बाद अपने जोनल मजिस्ट्रेट को इसकी सूचना उपलब्ध कराएं कि मतदान केन्द्र पर पोलिंग पार्टियां सकुशल अपने गन्तव्य स्थान पर पंहुच गयी है। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि मतदान के समय और पहले भी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहें और छोटी से छोटी गतिविधियों पर भी अपनी नजर रखें। समय पर मतदान सात बजे प्रारम्भ कराएं। उन्होंने समस्त पोलिंग पार्टियों को चुनाव सामग्री सहित पुलिस फोर्स के साथ निर्धारित बसों में बैठाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि निर्भीक रहें और बिना किसी दबाव के अपने कार्य को अंजाम दें। तमाम अधिकारियों ने आज कूकडा मण्डी से खतौली विधानसभा उप निर्वाचन के लिए पोलिंग पार्टियों की रवानगी का निरीक्षण किया। जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि मतदान सम्पन्न कराने के बाद मत पेटियों को पुलिस सुरक्षा में सुरक्षित स्ट्रांग रूम में जमा करा कर ही पुलिसकर्मी वापस जायेंगे। उन्होंने बताया कि खतौली विधानसभा उपनिर्वाचन 2022 में मतदान केन्द्रों की संख्या 171 तथा कुल मतदान स्थल 369 है। खतौली विधानसभा के कुल मतदाता 312446 है जिसमें पुरुष मतदाता 167079 है, महिला कुल मतदाता 145348 हैं जो खतौली विधानसभा उप निर्वाचन 2022 में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। हर बूथ पर पर्याप्त फोर्स की उपलब्धता रहेगी। यदि कोई कठिनाई आती है तो उसे छुपाएं नहीं बल्कि उच्चाधिकारियों की जानकारी में लाएं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने कहा कि चुनाव में बाधा उत्पन्न करने वाले तत्वों से सख्ती से निपटें। किसी के दबाव में न आएं और निर्भीक होकर चुनाव सम्पन्न कराएं। मतदाताओं से शालीनता के साथ पेश आयें। चुनाव के सम्बन्ध में कंट्रोल रूम को भी सूचित करते रहें। यह सुनिश्चित किया जाये कि मतदेय स्थल पर मोबाइल, पान, गुटखा, बीडी, सिगरेट अथवा ज्वलनशील पदार्थ व तरल पदार्थ आदि लेकर न जायें और सभी अधिकारी समय से मतदान केन्द्रों पर पहुंचे तथा टीम भावना के साथ काम करें। मतदान को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण कराने के उद्देश्य से प्रत्येक मतदान केन्द्र के गेट पर ही सघन तलाशी ली जायेगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संदीप भागिया उप जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त अरविंद कुमार मिश्र, सिटी एसपी सदर अर्पित विजयवर्गीय, एसपी क्राइम, सिटी मजिस्ट्रेट अनूप कुमार, जोनल मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट सहित निर्वाचन कार्यो से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे।

### खतौली उपचुनाव से सम्बंधित खास बातें :

- खतौली विधानसभा क्षेत्र की सीमाएं सील, प्रवेश मार्गों पर सघन तलाशी
- मतदान के समय बाहरी लोगों को भ्रमण की नहीं मिलेगी इजाजत
- मतदान केंद्र में पान, बीडी, सिगरेट और गुटका ले जाना प्रतिबंधित
- पोलिंग एजेंटों के अलावा अधिकारी ही कर सकेंगे मतदान केंद्र में प्रवेश
- कुल मतदाता 312446, पुरुष मतदाता 167079,
- महिला कुल मतदाता 145348
- मतदान केन्द्र 171, मतदान स्थल 369

## बागपत: भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष समेत सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**बागपत, 04 दिसंबर (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश में बागपत के अमीनगर सराय कस्बे में एक युवक के साथ मारपीट कर मोटरसाइकिल से सड़क पर फेंकने के आरोप में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा (भाजयुमो) के जिलाध्यक्ष शशांक मलिक समेत सात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। अमीनगर सराय निवासी तसलीम खान ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की थी कि वह गत 25 नवंबर की शाम अपने मामा रियाजुल के साथ बाजार से अपने घर जा रहा था। आरोप है कि जैसे ही वह मकान के नजदीक मोड़ पर पहुंचे, तो सामने से भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष शशांक मलिक, विपिन, तुषार व चार अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल से आए।

## बीएसएफ ने पाकिस्तानी ड्रोन मार गिराया, तीन किलो हेरोइन बरामद

**जालंधर 04 दिसंबर (वार्ता)।** सीमा सुरक्षा बल ने पंजाब के तरनतारन जिला के कालिया गांव के पास एक पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया। सुरक्षा बल ने ड्रोन से तीन किलो से अधिक हेरोहन भी बरामद की है। बीएसएफ के जनसंपर्क अधिकारी ने रविवार को बताया कि शनिवार की रात को लगभग 2246 बजे, सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने तरन-तारन जिले के कालिया गाँव के पास पाकिस्तान से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने वाले एक संदिग्ध ड्रोन की भनभनाहट सुनी। निर्धारित अभ्यास के अनुसार, सैनिकों ने संदिग्ध उड़ती हुई वस्तु को गोली मारकर रोकने की कोशिश की। पूरे क्षेत्र को तुरंत घेर लिया गया और पुलिस और संबंधित सहयोगी एजेंसियों को सूचित किया गया। इसके बाद, क्षेत्र की गहन तलाशी के दौरान, बीएसएफ और पंजाब पुलिस की टीम ने गांव-कालिया के पास खेती के खेत में एक क्वाडकॉप्टर डीजे मैट्रिस (वजन - लगभग 7.2 किलोग्राम) बरामद किया। आगे की तलाशी के दौरान हेरोइन (वजन - लगभग 3.068 किग्रा) होने के संदेह में तीन पैकेट भी बरामद किए गए। इससे पहले शनिवार की सुबह बीएसएफ ने फाजिल्का में एक सीमावर्ता गांव में ड्रोन द्वारा फेंकी गई लगभग 25 किलो हेरोइन, एक पिस्तौल और 50 कारतूस बरामद किए थे।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में जनता दरबार लगाकर सुनी फरियादें

**गोरखपुर, 04 दिसंबर (वार्ता)।** दिसंम्बर वार्ता उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में स्थित गोरखनाथ मंदिर में आहूत जनता दर्शन में दो सौ फरियादियों की समस्याएं सुनीं और सम्बन्धित अधिकारियों को निराकरण के लिए निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश रविवार को गोरखनाथ मंदिर में आहूत जनता दर्शन के दौरान फरियादियों की समस्याएं सुनते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों को करारा सबक सिखाया जाए और साथ ही गरीबों और जरूरतमंदों के मकान बनवाए जाएं। अधिकारी जन कल्याण के कार्यों को सदैव प्राथमिकता पर रखें और हर पीड़ित की समस्या का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

योगी मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री कुर्सियों पर बैठाए गए फरियादी लोगों तक खुद पहुंचे। सबकी समस्याओं को सुनते हुए आश्वस्त किया कि हर समस्या का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने जनता दर्शन में करीब दो सौ लोगों की फरियाद सुनी। इसमें बड़ी संख्या महिलाओं की रही। इस दौरान एक महिला ने आवास की समस्या बताई। इस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि महिला को मकान उपलब्ध कराया जाए। जमीन कब्जा करने की शिकायतों पर उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में कड़ी कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार वाले फरियादियों को उन्होंने भरोसा दिलाया कि पैसे के अभाव में किसी इलाज नहीं रुकने पाएगा। जनता दर्शन में अपने परिजनों के साथ आए बच्चों को दुलारते हुए मुख्यमंत्री ने उन्हें आशीर्वाद देते हुए चॉकलेट दिया। मुख्यमंत्री इससे पूर्व सुबह सबसे पहले अपने आवास से निकलने के बाद गुरु गोरखनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई। विधि-विधान के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उनका दर्शन-पूजन किया। इसके बाद उन्होंने अपने गुरू ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ के समाधि स्थल पर जाकर शीश नवाया। मंदिर परिसर के भ्रमण और गोसेवा के बाद वह दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर गए , जहां सुबह से ही अपनी समस्या बताने के लिए लोग उनका इंतजार कर रहे थे।

## बंगलादेश ने पहले वनडे में भारत को एक विकेट से हराया

**मीरपुर, 04 दिसंबर (वार्ता)।** बंगलादेश ने मीरपुर के शेरे बांग्ला नेशनल स्टेडियम में रविवार को पहले एकदिवसीय मैच (वनडे) में मेहदी हसन की दमदार बल्लेबाजी के बदौलत रोमांचक मुकाबले में भारत को एक विकट से हरा दिया। भारत के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज के एल राहुल की जुझारू पारी उसके काम न आयी और मेजबान टीम से भारत को हार का स्वाद चखने पर मजबूर कर दिया। भारत और बंगलादेश के बीच तीन एकदिवसीय मैच की सीरीज का पहला मुकाबला आज मीरपुर में शेरे बांग्ला नेशनल स्टेडियम में खेला गया। जहां भारत ने मेजबान टीम को जीत के लिए 187 का लक्ष्य दिया। जिसे बंगलादेश की टीम ने आसानी से हासिल कर लिया और भारत को एक विकेट से मात दे दी। इस जीत के साथ मेजबान टीम वनडे सीरीज में 1-0 से आगे है। भारत के 186 के लक्ष्य के बाद मेजबान टीम की हालांकि पारी की शुरूआत अच्छी नहीं रही और भारतीय तेज गेंदबाज दीपक चाहर ने पहले ओवर की पहली ही गेंद पर नजमुल हुसैन शांतो को बिना खाता खोल पवेलियन भेजा दिया था।

## लाइन ठीक कर रहा संविदाकर्मी लाइनमैन करंट से झुलसा, मौत

▶ परिजनों में कोहराम, पुलिस ने शव को पोस्ट-मार्टम के लिए भेजा

**कैराना, 4 दिसम्बर (बु.)।** किसान के खेत के ट्रांसफॉर्मर की लाइन ठीक करते समय अचानक लाइन में करंट आ जाने से संविदाकर्मी लाइनमैन की मौत हो गई। संविदाकर्मी की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव बराला कुकरहेड़ी निवासी 49 वर्षीय इनाम कसरेवा विद्युत उपकेन्द्र पर संविदाकर्मी लाइनमैन के पद पर तैनात था। रविवार अपराह्न करीब 3 बजे इनाम बराला कुकरहेड़ी में एक किसान के खेत के ट्रांसफॉर्मर पर लाइन ठीक करने के लिए ट्रांसफॉर्मर के खम्भे पर चढ़ गया। इसी दौरान अचानक लाइन में करंट आ गया, जिससे इनाम बुरी तरह झुलसकर सिर के बल नीचे गिर गया। आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों ने परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद परिजन इनाम को शामली प्राइवेट हॉस्पिटल ले गये, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इनाम के दो शादीशुदा बेटी व दो अविवाहित बेटी व दो अविवाहित बेटे हैं। इनाम की मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। बाद में परिजन मृतक के शव को कैराना सीएचसी लायी। जहां पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक इनाम के बेटे शाहनवाज ने बताया कि उनके पिता इनाम ने शटडाउन लिया था, उसके बावजूद लाइन में करंट आने से उनके पिता की मौत हो गई। मामले में कार्यवाहक कोतवाली प्रभारी एसएसआई राजेश कुमार ने बताया कि मामले में अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है।

## सुबह सात से शाम छह बजे तक होगा मतदान



**मुजफ्फरनगर, 4 दिसंबर (बु.)।** खतौली विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के तहत सोमवार को मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा। मतदान के लिए मतदाता को पहचान पत्र साथ लाना जरूरी है। अगर किसी मतदाता के पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है, तो भी वह अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। निर्वाचन आयोग ने इसके लिए 12 अन्य दस्तावेजों को भी वैकल्पिक दस्तावेज के रूप में मान्यता दी है। इसे दिखाकर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। चुनाव के दौरान होने वाले मतदान में मतदाताओं की पहचान के लिए मतदाता पहचान पत्र जारी किया गया है। अगर किसी के पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है या खो गया है तो भी उन्हें मताधिकार के प्रयोग से वंचित नहीं किया जाएगा। पहचान साबित करने के लिए मतदाता 12 अन्य वैकल्पिक दस्तावेज भी प्रस्तुत कर सकेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने बताया कि मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो निर्धारित वैकल्पिक दस्तावेज से मतदान कर सकते हैं।

**ये हैं वैकल्पिक मतदाता पहचान पत्र :**
▶ आधारकार्ड ▶ मनरेगा जॉब कार्ड ▶ बैंक की फोटोयुक्त पासबुक ▶ डाकघर की फोटोयुक्त पासबुक ▶ श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड ▶ ड्राइविंग लाइसेंस 4पैन कार्ड ▶ स्मार्ट कार्ड ▶ भारतीय पासपोर्ट ▶ फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज ▶ केंद्र और राज्य सरकार द्वारा जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र ▶ सांसदों, विधायकों और विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र ▶ यूनीक डिसएबिलिटी आईडी कार्ड में से एक कोई दस्तावेज।

उपचुनाव के लिए मतदान का समय सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक रहेगा। इस अवधि में मतदाता अपने बूथ पर जाकर वोट डाल सकता है। मतदाता बूथ पर शाम छह बजे से पहले पहुंच जाता है, तो उसे उसका नंबर आने तक समय दिया जाएगा फिर चाहे समय कितना भी हो जाएं। यानी मतदाता को मतदान केंद्र के अंदर छह बजे से पहले पहुंचना अनिवार्य है।

## दीवार से टकराई बाइक, युवक की मौत



**कांधला, 04 दिसम्बर (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुर टील में घने कोहरे के चलते तेज रफ्तार बाइक दीवार से जा टकराई, जिसमे बाइक सवार 21 वर्षीय युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। रविवार को एक बाइक सवार युवक तीतरवाड़ा इस्सोपुर टिल मार्ग से बाइक पर सवार होकर इस्सोपुरटील की और रहा था। पुलिस के मुताबिक जैसे ही बाइक सवार गांव इस्सोपुर टील के समीप पहुँचा, तो सुबह के समय घने कोहरे चलते तेज रफ्तार बाइक मुरली मनोहर इंटर कॉलेज के समीप बने भवन की दीवार से जा टकराई, जिसमें बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के ग्रामीणों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी, जिसके चलते सूचना पाकर गंगेरू पुलिस चौकी कर्मी भी मौके पर पहुँच गए और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाने की तैयारी करने लगे, लेकिन युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बाइक सवार की शिनाख्त गांव इस्सोपुर टील निवासी अंकित पुत्र पाले राम के रूप में की। पुलिस ने मृतक युवक के परिजनों को घटना की सूचना देकर मौके पर बुला लिया। युवक की मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों के मुताबिक मृतक युवक हरियाणा के पानीपत शादी समारोह में गया था। सुबह के समय पानीपत से अपने गांव इस्सोपुर टिल लौट रहा था। पुलिस ने मृतक युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सिसौली में किसान पर जानलेवा हमला

**सिसौली, 04 दिसंबर (वार्ता)।** कसबे की पट्टी सूंडियान में घर में आराम कर रहे बुजुर्ग किसान पर फायर झोंक दिया गया। गोली लगने से किसान घायल हो गया। फायर और शोर-शराबे की आवाज सुनकर परिजन और आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। पुलिस ने भी जानकारी जुटाई। परिजन घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले गए।कसबे की पट्टी सूंडियान निवासी हरपाल सिंह (80) शनिवार देर रात अपने घर में आराम कर रहा था। इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति ने किसान पर फायर झोंक दिया। गोली किसान के हाथ में लगी। किसान ने शोर मचाया तो परिजन और आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। घायल किसान को पहले गांव के ही निजी डॉक्टर को दिखाया गया, इसके बाद शामली उपचार के लिए ले गए। भौराकलां थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और प्रकरण की जानकारी ली। किसान पर हमले की सूचना से सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। देर रात तक पुलिस मामले की छानबीन में जुटी थी।

# रालोद ने लगाए प्रशासन पर सत्ता के दबाव में काम करने के आरोप



प्रेक्षक से मिले नेता, निर्वाचन आयोग को दिया ज्ञापन

**मुजफ्फरनगर, 4 दिसंबर (बु.)।** मतदान से एक दिन पूर्व जहां वोटरों को पैसे और शराब बांटने का मामला चर्चा में रहा वहीं रालोद की ओर से खतौली चुनाव में सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल और गड़बड़ी की आशंका जताते हुए निष्पक्ष चुनाव कराने कि मांग को लेकर चुनाव पर्यवेक्षक से मिलकर गठबंधन के नेता और चुनाव में गड़बड़ी की आशंका जताई। रालोद की ओर से प्रशासन पर पक्षपात पूर्ण रवैया अपनाने और सत्तारुढ दल के दबाव में काम करने का भी आरोप लगाया है। इस दौरान विधायक विधायक चंदन चौहान, अनिल कुमार, विधायक गुलाम मोहम्मद, विधायक प्रसन्न चौधरी, संदीप मलिक, पूर्व मंत्री योगराज सिंह, पूर्व एमपी हरेंद्र मलिक, रालोद जिलाध्यक्ष संदीप मलिक, प्रमोद त्यागी आदि गठबंधन के नेता मौजूद रहे। प्रत्याशी की ओर से निर्वाचन आयोग को भी इस तरह की आशंका जताते हुए शिकायत की गई है। इस बीच लखनऊ में राष्ट्रीय लोकदल के प्रवक्ता अनिल दुबे ने लखनऊ में प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मिलकर ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने खतौली विधानसभा उपचुनाव में निष्पक्ष, पारदर्शी और भयमुक्त चुनाव सम्पन्न कराये जाने की मांग की है। उन्होंने ज्ञापन में कहा है कि 15-खतौली विधानसभा के उपचुनाव 2022 में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा चुनाव की निष्पक्षता को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। कल सायं 5 बजे राष्ट्रीय लोकदल का चुनाव कार्यालय पुलिस प्रशासन द्वारा बंद करा दिया गया जबकि भारतीय जनता पार्टी का मुख्य कार्यालय घण्टाघर खतौली में अभी भी खुला है।

### रालोद समर्थक ने लगाए पुलिस पर आरोप, चुनाव आयोग को चिट्ठी

मुजफ्फरनगर, 4 दिसंबर (बु.)। खतौली उप चुनाव के मतदान से पहले ही रालोद की ओर से शिकायतों का दौर तेज हो गया है। खतौली ताजपुर की पूर्व प्रधान ने खतौली इंस्पेक्टर पर आरोप लगाया कि उनके पति को रालोद का समर्थन करने पर जेल भेजने की धमकी दी गई है। चुनाव आयोग को शिकायती पत्र भेजा गया है। सीओ का कहना है कि पुलिस लाल कार्ड देने गई थी, आरोप झूठा है। पूर्व प्रधान गीता देवी ने चुनाव आयोग को भेजे पत्र में कहा कि इंस्पेक्टर खतौली पुलिसकर्मियों के साथ खतौली में बुआडा रोड स्थित उनके घर पहुंचे। पुलिस ने कहा कि अगर रालोद के समर्थन में प्रचार किया तो उनके पति निवेश राणा को जेल भेज देंगे। आरोप है कि पुलिस मोबाइल भी अपने साथ ले गई। चुनाव आयोग से सुरक्षा की मांग की गई है। सीओ खतौली राकेश कुमार ने आरोप को झूठा बताते हुए कहा है कि इंस्पेक्टर पुलिस के साथ पूर्व प्रधान के पति को लाल कार्ड देने के लिए गए थे। इसे लेकर यह आरोप लगाए जा रहे हैं।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.9 अरब डॉलर बढ़कर 550.14 अरब डॉलर पर

**मुंबई, 04 दिसंबर (वार्ता)।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में जबरदस्त बढ़ोतरी होने की बदौलत देश का विदेशी मुद्रा भंडार 25 नवंबर को समाप्त सप्ताह में 2.9 अरब डॉलर बढ़कर 550.14 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 2.54 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 547.3 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 25 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति तीन अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 487.3 अरब डॉलर हो गयी, हालांकि इस अवधि में स्वर्ण भंडार में 7.3 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह कम होकर 39.9 अरब डॉलर रह गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 2.5 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 17.9 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 1.4 करोड़ डॉलर कम होकर 5.03 अरब डॉलर पर आ गई।

## केंद्र ने कल बुलाई सर्वदलीय बैठक, 2023 के जी-20 शिखर सम्मेलन की रणनीतियों को दिया जाएगा अंतिम रूप

**नई दिल्ली, 04 दिसम्बर (वार्ता)।**अगले साल सितंबर में जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी भारत करेगा। इसकी तैयारियों को लेकर केंद्र सरकार ने सोमवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक में सभी दलों के सुझाव लिए जाएंगे। इस पर चर्चा की जाएगी। रणनीतियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी की ओर से करीब चालीस पार्टियों के प्रमुखों को बैठक में आमंत्रित किया गया है। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मौजूद रहेंगे। राष्ट्रपति भवन में होने वाली बैठक में विदेश मंत्री एस. जयशंकर के भी होने की संभावना है। भारत ने इसी सप्ताह एक दिसंबर को आधिकारिक रूप से जी-20 की अध्यक्षता को संभाला है। उम्मीद है कि नई दिल्ली इस महीने की शुरूआत में हैदराबाद सहित देशभर में 200 से ज्यादा स्थानों में तैयारियों को लेकर बैठकों की मेजबानी करेगा। राज्य या सरकार के प्रमुखों के स्तर पर अगला जी-20 नेताओं का शिखर सम्मेलन 9 और 10 सितंबर 2023 को नई दिल्ली में आयोजित होने वाला है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सोमवार को दिल्ली पहुंचेंगी और सर्वदलीय बैठक में शामिल होंगी। हालांकि, बनर्जी ने कहा कि वह बैठक में तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में भाग लेंगी, न कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के रूप में। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन भी इस बैठक में हिस्सा लेंगे। माना जा रहा है कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव बैठक में हिस्सा नहीं लेंगे। इस महीने की शुरूआत में इंडोनेशिया ने शिखर सम्मेलन में आने वाले वर्ष के लिए जी-20 की अध्यक्षता को भारत को सौंपी थी।

## मां हीराबेन से मिलने पहुंचे पीएम मोदी, कल गुजरात चुनाव के दूसरे चरण में डालेंगे वोट

**गुजरात, 04 दिसम्बर (वार्ता)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी मां हीराबेन मोदी से मिलने गांधीनगर में उनके आवास पहुंचे। प्रधानमंत्री कल यानी पांच दिसंबर को गुजरात चुनाव के दूसरे चरण में वोट भी डालेंगे। प्रधानमंत्री अहमदाबाद के साबरमती विधानसभा क्षेत्र के वोटर हैं।इससे पहले पीएम मोदी इसी साल 27 अगस्त को दो दिवसीय गुजरात दौरे पर अचानक मां हीराबेन से मिलने पहुंचे थे। साबरमती नदी पर अटल पुल के उद्घाटन और खादी उत्सव कार्यक्रम में भाग लेने के बाद पीएम मोदी गांधीनगर के रायसन इलाके में स्थित अपनी मां के आवास पर पहुंचे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अहमदाबाद में प्रमुख स्वामी महाराज के जन्मदिवस शताब्दी समारोह का उद्घाटन करेंगे। तीस दिवसीय यह महोत्सव 15 दिसंबर से 15 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। इस उत्सव के लिए अहमदाबाद के पश्चिमी छोर पर सरदार पटेल रिंग रोड पर 600 एकड़ भूमि पर एक भव्य 'प्रमुख स्वामी महाराज नगर' का निर्माण किया जा रहा है। यहां एक महीने तक विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

## इस्लाम में महिलाओं को चुनाव लड़ना नाजायज

**अहमदाबाद, 4 दिसम्बर (वार्ता)।** अहमदाबाद में जामा मस्जिद के शाही इमाम ने रविवार को कहा कि चुनाव में महिलाओं को टिकट देना इस्लाम के खिलाफ विद्रोह है और यह धर्म को कमजोर करता है। गुजरात विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के मतदान की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से बात करते हुए शाही इमाम शब्बीर अहमद सिद्दीकी ने कहा कि महिलाओं को नमाज की अनुमति नहीं है, क्योंकि इस्लाम में उनकी एक निश्चित स्थिति है। शाही इमाम ने कहा, 'अगर इस्लाम की बात करें...क्या आपको एक भी महिला नमाज पढ़ते हुए दिखाई देती है? इस्लाम में नमाज का बड़ा महत्व है। अगर इस्लाम में महिलाओं का लोगों के सामने आना जायज होता तो उन्हें (महिलाओं को) मस्जिद में (प्रवेश करने से) नहीं रोका जाता।'

# गुजरात में दूसरे चरण के लिए चुनाव आयोग पूरी तरह से तैयार

**गांधीनगर 04 दिसंबर (वार्ता)।** गुजरात विधानसभा के चुनाव के लिए दूसरे और अंतिम चरण में उत्तर और मध्य गुजरात के 14 जिलों की 89 सीटों पर सोमवार पांच दिसंबर को मतदान होगा, जिसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। इस चुनाव में 27 साल से राज्य में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी होगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी पी भारती ने बताया कि दूसरे और अंतिम चरण के लिए गुजरात विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर चुनाव आयोग पूरी तरह से तैयार है। मतदान केन्द्रों और कर्मचारियों की सभी जरूरी व्यवस्था और चुनाव में उपयोग में ली जानेवाली ईवीएम और वीवीपैट (37,432 बीयू, 36157 सीयू और 40,066 वीवीपीएटी) भी तैयार हो चुकी है। दूसरे चरण में 18-पाटण सीट पर 16 उम्मीदवार होने से 02 बैलेट यूनिट होंगी, जबकि अहमदाबाद के 47-नरोडा निर्वाचन क्षेत्र में 17, 49-बापुनगर में 29 और 50-अमराईवाडी में 17 उम्मीदवार होने से 02 बैलेट यूनिट होंगे। दूसरे चरण के मतदान से 48 घंटे पहले प्रचार बंद करने के नियम के तहत शनिवार की शाम पांच बजे यह बंद हो गया। इसके बाद कोई अनधिकृत बाहरी व्यक्ति भी चुनाव वाले क्षेत्रों में नहीं रहेगा। अब सभी प्रत्याशी मतदाताओं को लुभाने के लिए घर-घर जाकर संपर्क में जुट गये हैं। मतदान पांच दिसंबर को सुबह आठ बजे से पांच बजे तक होगा।

उन्होंने बताया कि मतदान स्टाफ में 1,13,325 कर्मचारी/अधिकारी तैनात रहेंगे जिसमें 29,062 प्रिसाइडिंग ऑफिसर और 84,263 पॉलिंग स्टाफ शामिल हैं। दूसरे चरण में पांच दिसंबर को 93 सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए कुल 833 प्रत्याशी मैदान में रह गए हैं जिनमें 764 पुरूष और 69 महिलाएं शमिल हैं। इनमें 74 जनरल, छह अनुसूचित जाति और 13 अनुसूचित जनजाति की सीटें हैं। चुनाव में शामिल होने वाले दलों की कुल संख्या 60 है। राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा ने आठ महिलाएं और 85 पुरुष, मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने आठ महिलाएं सहित कुल 90 सीटों पर, आम आदमी पार्टी (आप) ने एक महिला सहित 93, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने 44, गरवी गुजरात पार्टी ने तीन महिलाएं और 22 पुरुष, भारतीय ट्राइबल पार्टी ने 12 पुरुष और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल-मुस्लिमीन ने दो महिलाओं सहित सात सीट पर उम्मीदवार उतारे हैं, जबकि 285 निर्दलीय प्रत्याशी में 21 महिलाएं और 264 पुरुष शामिल हैं। इन सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए राज्य के उत्तरी और मध्य क्षेत्रों के 14 जिलों के बनासकांठा की (09), पाटन (04), मेहसाणा (07), साबरकांठा (04), अरवल्ली (03), गांधीनगर (05), अहमदाबाद (21), आणंद (07), खेड़ा (06), महीसागर (03), पंचमहाल (05), दाहोद (06), वड़ोदरा (10) और छोटाउदेपुर की (03) सीटों सहित 14 जिलों में कुल 93 सीटों के लिए दूसरे चरण में 2,51,58,730 मतदाता हैं, जिनमें 1,29,26,501 पुरुष, 22,31,335 महिला और 894 ट्रांसजेंडर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। 49-बापुनगर में सबसे अधिक 29 उम्मीदवार और सबसे कम तीन उम्मीदवार 28-ईडर में हैं। सबसे कम मतदाता 49-बापुनगर में 2,07,461 मतदाता और सबसे ज्यादा मतदाता 41-घाटलोडिया में 4,28,542 मतदाता हैं। क्षेत्रफल के हिसाब से सबसे छोटा विधानसभा क्षेत्र 51-दरियापुर (06 वर्ग किमी) और सबसे बड़ा क्षेत्र 16-राधनपुर (2,544 वर्ग किमी)। वेबकास्टिंग 13,319 मतदान केंद्रों पर की जाएगी। इस चरण में 505 पुरुष और 155 महिला समेत 660 एनआरआई मतदाता भी अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। राज्य की 93 विधानसभा सीटों के लिए दूसरे चरण में 2904 शहरी मतदान स्थलों पर 8533 मतदान केन्द्र हैं। जबकि 12,071 ग्रामीण मतदान स्थलों पर 17,876 मतदान केन्द्र हैं। विशिष्ट मतदान केंद्रों में 93 मॉडल मतदान केंद्र, 93 दिव्यांग संचालित, 93 इको फ्रेंडली, 651 सखी, 14 युवा संचालित मतदान केंद्र हैं। दूसरे चरण में 17,607 पुरुष और 664 महिला मतदाता समेत 18,271 सेवा मतदाता, 99 वर्ष से अधिक आयु के 5,412 और 18 से 19 वर्ष की आयु के 5,96,328 मतदाता होंगे। दूसरे चरण में सोमवार पांच दिसंबर को 14 जिलों में मतदान होना है जिनमें छह उत्तर गुजरात के बनासकांठा, पाटन, साबरकांठा, महेसाणा, अरावल्ली, गांधीनगर हैं और मध्य गुजरात के अहमदाबाद,खेड़ा, आणंद, वडोदरा, दाहोद, पंचमहाल, महिसागर तथा छोटा उदेपुर हैं। राज्य में द्वितीय चरण में 14 जिलों में पांच दिसंबर को मतदान के लिए सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा अवकाश घोषित किया गया है। इसके अलावा श्रम आयुक्त कार्यालय ने किसी भी व्यवसाय, औद्योगिक इकाई या किसी अन्य प्रतिष्ठान में कार्यरत कर्मचारियों और दैनिक कर्मचारियों को मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश देने की घोषणा की है। पहले चरण में दक्षिण गुजरात और सौराष्ट्र के 19 जिलों जिनमें दक्षिण गुजरात के वलसाड, नवसारी, सूरत, तापी, नर्मदा, भरूच, डांग हैं और सौराष्ट्र के सुरेन्द्रनगर, राजकोट, मोरबी, जामनगर, देवभूमि द्वारका, पोरबंदर, गिर सोमनाथ, जूनागढ़, अमरेली, भावनगर, बोटाद तथा कच्छ में एक दिसंबर को मतदान हुआ था।

## तड़पती मासूम का वीडियो बनाते रहे लोग, तोड़ा दम

**अमरिया, 4 दिसंबर (वार्ता)।** खेत में लहूलुहान हालत में मिली बच्ची को तत्काल अस्पताल ले जाने के बजाय ग्रामीण उसका वीडियो बनाने में जुट गए। बदहवास मासूम का वीडियो बना रहे लोग लगातार यह सवाल करते रहे कि वारदात कैसे हुई, किसने अंजाम दी। पीलीभीत के अमरिया के एक गांव में रहने वाली 10 साल की बच्ची पहले नृशंस वारदात और फिर संवेदनहीनता की शिकार हो गई। शनिवार सुबह खेत में लहूलुहान हालत में मिली बच्ची को तत्काल अस्पताल ले जाने के बजाय ग्रामीण उसका वीडियो बनाने में जुट गए। बदहवास मासूम का वीडियो बना रहे लोग लगातार यह सवाल करते रहे कि वारदात कैसे हुई, किसने अंजाम दी। इसके चलते इतनी देर हुई कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही बच्ची ने दम तोड़ दिया। मृतका के पिता ने पुलिस को बताया कि पड़ोसी गांव में चल रहे उर्स के मेले में उसने चाय की दुकान लगाई थी। शुक्रवार शाम उसकी बेटी और उसका छोटा भाई अपने चाचा के साथ मेला घूमने पहुंचे थे। इसी दौरान बच्ची लापता हो गई। देर रात तक खोजबीन की गई, लेकिन वह नहीं मिली। शनिवार की सुबह कुछ लोगों ने उसे गेहूं के खेत में लहूलुहान हालत में पाया। पेट और पीठ पर घाव थे और थोड़ी दूरी पर चाकू पड़ा था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी धारदार हथियार से हत्या की बात सामने आई है। पिता ने गांव के ही शकील पर रंजिशन हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार, आरोपी की तरफ से मृतका के चाचा पर दर्ज कराए गए मुकदमे समेत अन्य बिंदुओं पर जांच की जा रही है। बालिका की हत्या के मामले में पुलिस पड़ोसी शकील से पूछताछ कर ही रही है। क्योंकि मृतका के पिता ने पड़ोसी शकील पर रंजिशन हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस को बताया कि पिछले दिनों शकील ने उसके भाई के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। मामला न्यायालय में विचाराधीन है। इसके अलावा आशंका यह भी किसी और खुन्नस में घटना को अंजाम दिया गया हो।